डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 सितम्बर 2024
सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

# हम नजरअंदाज थे और संवाद के सारे रास्ते बंद

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने टेक्सास की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के स्टूडेंट से भारत की राजनीति, इकोनॉमी, भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बात की और कहा कि - भारत में रोजगार की समस्या है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमने प्रोडक्शन पर ध्यान नहीं दिया। भारत में सब कुछ मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है। इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं। गरीबी को लेकर पूछे गए सवाल पर राहुल ने कहा- सिर्फ एक-दो लोगों को सारे पोर्ट्स और सारे डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट दिए जाते हैं। इसी कारण भारत में मैन्युफैक्चरिंग की स्थिति ठीक नहीं है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा- राहुल गांधी पप्पू नहीं है, वे प?-लिखे हैं और किसी भी मुद्दे पर गहरी सोच रखने वाले स्ट्रैटेजिस्ट हैं। जब राहुल से भारत जोडो यात्रा का सवाल पूछाग या तो कहा कि इस यात्रा ने उनके राजनीतिक दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल दिया है। यात्राका उद्देश्य भारतीय राजनीति में प्यार को पेश करना था क्योंकि आमतौर पर राजनीति में नफरत, गुस्सा, अन्याय, और भ्रष्टाचार जैसी बातें ही प्रमुख होती हैं और अब वे यह मानते हैं कि राजनीति में प्रेम की अवधारणा को लागू किया जा सकता है।



**टेक्सास में राहुल ने कहा-हमने राजनीति में प्रेम की अवधारणा को पेश किया**

भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत के पीछे की वजह का भी खुलासा करते उन्होंने कहा कि भारत में उनके लिए सभी संचार (लोगों से संवाद) के रास्ते बंद हो चुके थे। संसद में दिए भाषण को टीवी पर नहीं दिखाया जाता था, मीडिया उनकी बातों को नजरंदाज करता था, कानूनी रूप से भी मदद नहीं मिल रही थी। ऐसे में हमारी टीम ने महसूस किया कि अगर हम मीडिया और संस्थाओं के जरिए लोगों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो सीधे लोगों के पास जाना सबसे अच्छा तरीका होगा।

# रेल लाइन पर किसने रखे सिलेंडर व पेट्रोल, कालिंदी एक्सप्रेस टकराई

**कानपुर, एजेंसी।**

कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन को पलटाने की साजिश की जांच करने के लिए पुलिस और एटीएस की टीमें जुटी हैं। पांच टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटरों को भी हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। दरअसल बीती रात प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस रेलवे लाइन पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकराई थी, जिसके बाद करीब आधे घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। लाइन पर सिलेंडर आखिर किन लोगों ने रखा था, यह रहस्य गहरा रहा है। जो मिठाई के डिब्बे में पेट्रोल और बारूद बरामद किया गया वहां माचिस मिली है। लोको पायलट ने बताया कि उसे ट्रैक पर कोई संदिग्ध चीज दिखाई दी जिसके बाद उसने ब्रेक मारी, लेकिन उसके बाद भी



ट्रेन पर काबू नहीं किया जा सका और ट्रेन उस चीज से टकरा गई, जिसके बाद काफी तेज आवाज हुई। लोको पायलट के मुताबिक, इस घटना के बाद उसने ट्रेन को रोक दिया और गार्ड समेत अन्य अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी।

## बीना दौरे से पहले सीएम ने कहा-जिले बढ गए, संभाग छोटे हो गए

# सागर के बंटवारे पर सतर्क मप्र सरकार परिसीमन आयोग की रिपोर्ट का इंतजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आज सीएम मोहन यादव के बीना दौर पर राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्रों की निगाहें हैं। बीना को जिला बनाने की मांग के जोर पकडने के बीच यादव यहां पहुंचे हैं। बीना को जिला बनाने की मांग भी वर्षों से उठती रही है लेकिन हाल में भाजपा के अंदर से ही इसे लेकर दो सुर उठने की वजह से सीएम व सरकार सतर्क हैं। आज सुबह यादव ने बीना रवाना होने से पहले कहा कि जब हमने सरकार बनाई तो इस बात पर ध्यान दिया कि भौगोलिक दृष्टि से भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य होने के नाते मप्र का अपना क्षेत्रफल तो है लेकिन समय के साथ इसमें कुछ कठिनाइयां आई हैं। जिले तो बढ़ गए लेकिन जिलों की अपनी सीमाएं हैं, कई विसंगतियां हैं, कई संभाग बहुत छोटे हो गए हैं। ऐसी कई विसंगतियों के लिए नया परिसीमन आयोग बनाया गया है, जिसके माध्यम से आसपास के स्थानों को जिलों से जोड़कर लोगों की बेहतरी के लिए काम किया जाएगा। संभागों और जिलों का फिर से निरीक्षण किया जाएगा। सीएम ने कहा कि सागर, इंदौर, धार ऐसे जिले हैं जिनमें बड़ी कठिनाइयां हैं, जिन्हें मैं उम्मीद करता हूं कि इस आयोग के माध्यम से दूर किया जाएगा।




### लाड़ली बहनों को 1574 करोड़ अंतरित

**सीएम आज सागर जिले के बीना में लाडली बहना योजना की पूरे प्रदेश में पात्र महिलाओं एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित कर रहे हैं। यह 1.29 करोड़ बहनों के लिए 1574 करोड़ रूपये की राशि है। जबकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में 332.43 करोड़ रूपये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री यादव अनेक विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। अब तक लाड़ली बहना योजना के तहत 24,499 करोड़ तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 3 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि उनके खातों में अंतरित की गई है।**

### राजस्व विशेषज्ञ श्रीवास्तव को आयोग की कमान



मप्र में अब संभागों, जिलों और तहसीलों का सीमांकन नए सिरे से करने के लिए मोहन यादव सरकार ने तीन सदस्यीय परिसीमन आयोग का अध्यक्ष रिटायर्ड एसीएस मनोज श्रीवास्तव को बनाया है। श्रीवास्तव राजस्व संबंधी मामलों के खासे जानकार माने जाते हैं तथा कई पेचीदा मामले अपने कार्यकाल में भी सुलझा चुके हैं। आयोग के बाकी सदस्यों के नाम पर फैसला बाद में लिया जाएगा। आम लोग इस आयोग को अपने क्षेत्र की प्रशासनिक संरचना को लेकर सुझाव दे सकेंगे। हालांकि इसके आदेश सामने नहीं आए हैं। सीएम ने कहा- कई टोले, मजरे और पंचायतों के लोगों को जिला, संभाग, तहसील, विकासखंड जैसे मुख्यालयों तक पहुंचने के लिए 100 से 150 किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जबकि ऐसे क्षेत्रों से दूसरे जिले, संभाग, विकासखंड और तहसील मुख्यालय नजदीक हैं। कई संभाग बड़े-छोटे हो गए हैं

## राउत ने पवार पर किया हमला, कहा- अब पछतावा करने से बारामती नहीं जीत पाएंगे



**मुंबई ।** महाराष्ट्र में इस साल के अंत क विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बारामती से चुनाव नहीं लड़ने के संकेत दिए हैं। इस पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि अजित पवार को अपने कुछ राजनीतिक कामों पर पछतावा करने का कोई मतलब नहीं है। साथ ही दावा किया कि एनसीपी नेता आगामी विधानसभा चुनाव में अपने गृह क्षेत्र बारामती से हार जाएंगे।

**क्या बोले थे अजित पवार?:** दरअसल, अजित पवार ने हाल ही में सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी चचेरी बहन और एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले, जो उनके चाचा शरद पवार की बेटी हैं, के खिलाफ अपनी पत्नी सुनेत्रा को मैदान में उतारकर गलती की थी और कहा था कि राजनीति घर में नहीं घुसनी चाहिए।

## ऑर्गन ट्रांसप्लांट को रफ्तार देने सर्जनों को ट्रेनिंग

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

देश में अब लिवर, किडनी समेत कई ऑर्गन ट्रांसप्लांट को रफ्तार मिलने वाली है।इंडियन सोसाइटी ऑफ ट्रांसप्लांट सर्जंस द्वारा एम्स में पहली कॉन्फ्रेंस में नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल ने कहा कि देश में ऑर्गन ट्रांसप्लांट सर्जन की काफी जरूरत है। समय की मांग को देखते हुए इसको बढ़ाने की कवायद की जा रही है।ट्रेनिंग के जरिए आनेवाले पांच साल से ट्रांसप्लांट सर्जनों की संख्या दोगुनी हो जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य भारत में प्रशिक्षित ट्रांसप्लांट सर्जनों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। कॉन्फ्रेंस में एम्स, चंडीगढ़ समेत कई मेडिकल कॉलेज से ट्रांसप्लांट सर्जन शरीक हो रहे हैं। लगभग 15 सर्जनों को किडनी, लिवर ट्रांसप्लांट करने के गुर सिखाए गए।



### सुप्रीम कोर्ट में बंगाल सरकार ने कहा

# हड़ताल से 23 मौत, सीबीआई बोली महज 27 मिनट के फुटेज मिले

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित याचिका पर उच्चतम न्यायालय में आज सुनवाई के दौरान सीबीआई ने मामले की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23 लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। इस दौरान सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से आरजी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के आवास और अस्पताल के बीच की दूरी के बारे में पूछा तो जवाब मिला 'लगभग 15-20 मिनट का। सीसीटीवी फुटेज सीबीआई को सौंपे? सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या घटना से




### कोलकाता रेप मर्डर केस सुनवाई

संबंधित सीसीटीवी फुटेज सीबीआई को सौंपे गए थे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या रात 8.30 से 10.45 बजे तक की गई तलाशी और जब्ती प्रक्रिया की फुटेज सीबीआई को सौंपे गए? इस पर एसजी मेहता ने जवाब दिया कि कुल 27 मिनट के 4 क्लिप सीबीआई को सौंपे गए। एसजी ने कहा कि सीबीआई ने नमूने एम्स और अन्य केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला को भेजने का फैसला किया है।

## शेयर बाजार फिर फिसला



### सेंसेक्स 200 अंक टूटा, निफ्टी भी नीचे

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

एशियाई बाजारों में कमजोरी के बाद भारतीय इक्विटी सूचकांक आज लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ खुले, क्योंकि उम्मीद से कमजोर रोजगार आंकड़ों के बाद अमेरिकी अर्थव्यवस्था के बारे में चिंता बनी हुई है। विश्लेषकों को स्थानीय शेयरों में भी मुनाफावसूली की उम्मीद है, जो लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब कारोबार कर रहे थे। ाज शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 249 अंक गिरकर 80,938 पर आ गया। निफ्टी गिरकर 24,759 पर दिखा। निवेशक अब इस सप्ताह अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, ताकि इस महीने के अंत में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में संभावित कटौती के बारे में संकेत हासिल कर सकें।

## सीमा पार करने की कोशिश में दो आतंकी ढ़ेर



**श्रीनगर , एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में लाइन ऑफ कंट्रोल पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को सेना ने मार गिराया। यह आतंकी देर रात सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। आतंकवादियों से 2 एके-47, एक पिस्टल और गोला-बारूद बरामद हुआ है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सर्चिंग कर रहे जवानों को सीमा पर जब हलचल दिखाई दी तो जवानों से उनका एनकाउंटर हुआ। इस एनकाउंटर के तुरंत बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जो अभी जारी है।

# इकबाल कायम रखना ही सियासी मर्दानगी



**अर्थात्**

**आशीष दुबे**

राजनीति में कई छद्म रूपों की दरकार होती है। समय-समय पर राजनेता इसे धारण करने से भी नहीं झिझकते हैं। मगर नपुंसक चोला हर किसी को नागवार लगता है, क्योंकि जनमानस अपने नुमांइदे को मर्द मानता है, तभी तो वोट देता है और उनमें अपना नायक देखता है। लिहाजा, भारतीय राजनीति में यदि नपुंसक शब्द की एंट्री मप्र से हुई है तो इसकी प्रतिध्वनि शायद दूर तक सुनी जाती रहेगी, लंबे समय तक ! भाजपा सरकार व सियासी प्रतिद्वंदी के लिए नपुंसकता शब्द का इस्तेमाल कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने यदि तिलमिलाकर बेहद औचक और अनगढ़ तरीके से किया है, तो यह उनके अवचेतन में लंबे समय से पैठे उन शब्दों का प्रतिकार होगा, जो भाजपा अक्सर उन पर उछालती है- आतंकियों के हिमायती, देशद्रोही,रामद्रोही,नया जिन्ना और...बंटाढार तो है ही।



अब मौजूदा सियासी परिदृश्य देखें तो कांग्रेस तेजी से नया चोला पहनने की तरफ दौड़ रही है। नए चेहरे, नए मैनेजर, नए कलेवर की आपाधापी है। ऐसे में पुरानी पीढी के तमाम दिग्विजयों, कमलनाथों को कदमताल की मजबूरी व तनाव है। सिंह बेबाक जरूर हैं मगर शब्दों के प्रयोग में माहिर नहीं, जैसा भाजपा नेता अक्सर रहते आए हैं। इसी वजह से कभी वे राजनीतिक गुलशन से अचानक बियाबान में दिखने लगते हैं। कॅरियर के आखिरी दौर में, वे खुद के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं तो उत्तराधिकारी बेटे के लिए भी बेहतर सियासी थांती मुहैया कराने की कोशिश में हैं। यही वह नाजुक मोड़ है, जहां संतुलन रखना और अपना वजूद व उपयोगिता कायम रखना दिग्विजय की नितांत अपनी जरूरत व चुनौती है।

दूसरी तरफ भाजपा चीफ वीडी शर्मा अपने कॅरियर के अब तक के सबसे चमकदार दौर में हैं। केंद्रीय नेतृत्व का हाथ उनके कांधे पर है। पुराने संघर्ष की जमीन से उपजा अनुभव व नेटवर्क उन्हें 'राजमार्ग' पर बनाए हुए है। आगे वीडी के लिए पाने के लिए आसमान है। इसलिए वाक चातुर्य के बावजूद वे चुप हैं। उनको 'कवर फायर' देने पूरी फौज सामने है। ट्रोल आर्मी भी पूरी ताकत से मैदान में है, दिग्विजय के पुराने व पारिवारिक पन्ने पलटे जा रहे हैं। वहीं दिग्विजय के लिए कवर फायर देने हमेशा की तरह कोई नहीं है। चूंकि कांग्रेस में क्षत्रपों को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होती है और भाजपा संगठन शास्त्र के मुताबिक दूसरे क्षत्रप मोर्चा संभाल लेते हैं। ताजा जंग तो कुछ दिनों में थम जाएगी लेकिन कुछ युध्द दोनों तरफ चलते रहेंगे, पाने के लिए और खोने से बचने के लिए...।

## भीगा समां व बादल राग समारोह में ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति



**भोपाल।** भारत भवन में आयोजित बादल राग समारोह के दूसरे दिन हुई ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति में विरह, प्रेम, प्रकृति और मानव संवेदनाओं का सुंदर चित्रण देखने को मिला।



यही नहीं नृत्यांगनाओं ने कालिदास की इस अमर रचना को नृत्य और संगीत के अद्भुत संयोजन के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। अगले चरण में नृत्यांगनाओं ने नर्मदा अष्टका को प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने मां नर्मदा की कृपा, शांति और मोक्ष प्रदान करने की शक्ति का गुणगान करते हुए जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना को नृत्य के भावों में पिरोया।

### 14 हजार शिक्षकों की सूची जारी, काउंसलिंग सोमवार व मंगलवार को होगी

# सीएम राइज, उत्कृष्ट व मॉडल स्कूलों के लिए आज से शुरू हुई काउंसलिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सीएम राइज, जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग लगातार नए-नए प्रयोग कर रहा है। अब इन स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति के लिए नव नियुक्त शिक्षकों को भेजने की तैयारी है। इसके लिए विभाग द्वारा सोमवार से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की गई है, जो दिन तक चलेगी।

विभागीय जानकारों की मानें तो प्रदेश के सभी जिलों के सीएम राइज स्कूलों,उत्कृष्ट विद्यालयों व मॉडल स्कूलों में 14 हजार शिक्षकों की काउंसलिंग कर पदस्थापना की जाएगी। इसमें 2021 के आठ हजार नवनियुक्त शिक्षक और सीएम राइज स्कूलों के लिए चयनित करीब छह हजार शिक्षकों की पदस्थापना की जाएगी। इनकी काउंसलिंग सोमवार व मंगलवार को होगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने दिशा-निर्देश के साथ 14 हजार शिक्षकों की सूची जारी की है। इसमें 8,272 नवनियुक्त शिक्षकों के नाम शामिल हैं। वहीं 5887 उन शिक्षकों के नाम शामिल किए गए हैं, जो दो साल पहले सीएम राइज स्कूलों में पदस्थापना के लिए आयोजित परीक्षा पास कर चयनित हुए हैं।



### संस्कृत, पर्यावरण अध्ययन और गणित विषय के शिक्षक

इस सूची में अधिकतर संस्कृत,पर्यावरण अध्ययन और गणित विषय के शिक्षकों के नाम शामिल हैं। हालांकि इस सूची में भी कई विसंगतियां शामिल है,जिसमें सीएम राइज स्कूलों में पहले से पदस्थ शिक्षकों का नाम भी सूची में शामिल है। इन्हें भी काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है।

### जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचना होगा

**जारी आदेश के अनुसार, शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में 11 बजे से काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होने के लिए बुलाया गया। सीएम राइज विद्यालयों, उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल में अतिशेष व्याख्याता या उच्च माध्यमिक शिक्षकों की काउंसलिंग की जा रही है। इसके बाद 11.30 से 1.30 बजे तक उच्च माध्यमिक शिक्षकों की प्रक्रिया शुरू हुई।**

### आज शाम तक अतिथियों को करना होगा विकल्प चयन, आवंटन कल

**भोपाल।** शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिये रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक व्यवस्था की जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक व्यवस्था के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समय सारणी जारी की है। इस व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आवेदक द्वारा जीएफएमएस पोर्टल में शाला विकल्प चयन 4 सितम्बर से शुरू हो गया है। विकल्प चयन की कार्यवाही 9 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरी की जायेगी। शाला विकल्प चयन के बाद मेरिट के आधार पर आवेदकों को विद्यालय का आवंटन 10 सितंबर को किया जायेगा। इसके बाद आवेदकों द्वारा आवंटित विद्यालय में उपस्थिति में 11 सितम्बर से शुरू हो जायेगी। शाला प्रभारी जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाइन किये गये अतिथि शिक्षक का प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से 14 सितम्बर 2024 तक पूरा करेंगे। इस संबंध में जारी परिपत्र में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूल में भेजा गया है। दिशा-निर्देश की प्रति स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है।



## इलाज खर्च देने से इंकार करना बीमा कंपनी पर भारी पड़ गया, अब देने होंगे पौने दो लाख रुपए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उपभोक्ता को इलाज खर्च देने से इंकार करना एक बीमा कंपनी पर भारी पड़ गया। अब मामले में करीब पांच साल बाद फैसला सुनाते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने आदेश दिए है कि बीमा कंपनी वह उपभोक्ता को करीब पौने दो लाख रुपये अदा करे। आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय की बेंच ने बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी माना। दो महीने के भीतर मेडिक्लेम की शेष राशि यानी एक लाख सात हजार रुपये नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से अदा करने का आदेश दिया। हर्जाने के तौर पर 50 हजार रुपए और मानसिक क्षतिपूर्ति राशि 30 हजार रुपये का भी आदेश दिया।

**उपभोक्ता ने अप्रैल 2014 में परिवार स्वास्थ्य बीमा पालिसी ली थी**

**यह है पूरा मामला:** दरअसल, लालघाटी निवासी रामनिहोरे पाटिल ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से अप्रैल 2014 में परिवार स्वास्थ्य बीमा पालिसी ली थी, लेकिन बीमा कंपनी ने इलाज में खर्च पूरी राशि नहीं दी। उपभोक्ता की पत्नी को निमोनिया के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। इलाज के दौरान डेढ़ लाख रुपया खर्च हो गया। क्लेम के दौरान बीमा कंपनी का तर्क था कि उनकी पालिसी का नवीनीकरण समय से नहीं हुआ था। वहीं पालिसी लेते समय उन्होंने ब्लड प्रेशर और शुगर होने की जानकारी नहीं दी थी। पालिसी ब्रेक होने और बीमारियों को छुपाने की वजह से वे इस राशि का भुगतान नहीं कर सकते। आयोग ने इस तर्क को खारिज कर दिया। जिसके बाद उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग में 2019 में मामला दायर किया था।

## रात की बजाय दिन में जल रही स्ट्रीट लाइट, कलेक्टर को जांच के निर्देश



### रहवासियों को वार्ड में गंदगी-असुविधाएं, नगर निगम आयुक्त से जवाब तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के करोंद रोड़ स्थित रेलवे ओवर ब्रिज पर रात के समय स्ट्रीट लाइट चालू नहीं होने की वजह से वाहन चालकों को कई मुसीबतें एवं खतरे के बीच आवाजाही करने के मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर को जांच कराने के निर्देश मानव अधिकार आयोग ने दिए है। इसके साथ ही विद्युत ऊर्जा का दिन में स्ट्रीट लाईट जलाकर किये जा रहे कार्य के लिए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही एवं रात्रि के समय स्ट्रीट लाईट की उचित व्यवस्था करने के सम्बन्ध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

दरअसल बीते दिनों आयोग के संज्ञान में आया है कि स्ट्रीट लाइट रात की बजाय दिन में चालू रह रही है। रात में स्ट्रीट लाइट चालू नहीं होने से सड़क दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही आयोग ने भोपाल जिले के वार्ड नंबर 77 में रहने वाले रहवासियों को वार्ड में गंदगी और असुविधाओं के बीच रहने के मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त से जवां मागा है।

### कोचिंग संचालक रोड पर खड़े करा रहे वाहन?

भोपाल शहर के व्यवसायिक क्षेत्र महाराणा प्रताप नगर जोन- 01 एवं जोन- 02 में कोचिंग संचालकों द्वारा मनमानी किये जाने का मामला सामने आया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि कोचिंग के बाहर मेन रोड़ के किनारे और कुछ स्थानों पर सरकारी जमीन पर दोपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग बनाई गई है, जहां कोचिंग में आने वाले बच्चों से वाहन खड़े करवाए जा रहे है। आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल एवं आयुक्त, नगर निगम, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग ने भोपाल जिले के बिलखिरिया थाना क्षेत्र में एक 17 साल की बालिका से दुष्कर्म करने के मामले और वार्ड नं 01 स्थित गांधीनगर के अर्जुन वार्ड में बने विश्राम घाट तक पहुंचने के लिये लोगों को कई तरह की परेशानी का सामना करने के मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

### हुजूर विधानसभा में एक लाख सदस्य बनाने का टारगेट

## भाजपा का मतलब विकास का भरोसा: हितानंद

### सदस्यता अभियान को लेकर युवा सदन में बैठक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संगठन पर्व के अंतर्गत भाजपा का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान देशभर में चल रहा है। रविवार को हुजूर विधानसभा में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की वृहद बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा शामिल हुए।

बैठक में हितानंद शर्मा ने सदस्यता अभियान की रूपरेखा को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा सहित हुजूर विधानसभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हुजूर विधानसभा में एक लाख से अधिक भाजपा सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया।





हितानंद शर्मा ने कहा कि भाजपा मतलब विकास का भरोसा है, भाजपा मतलब समृद्धि की गारंटी है, भाजपा मतलब देश की प्रगति की रफ्तार है। इसलिए आज हर कोई भाजपा से जुड़ना चाहता है। हमें बस अपने उन परिवारजनों तक पहुंचना है। उनको पंजीकृत कराकर भाजपा की सदस्यता दिलाना है और भाजपा के परिवार को और विस्तृत कर देश की प्रगति को दोगुनी रफ्तार देनी है।

### रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर फिसलन, मुख्य द्वार पर गाय करती है स्वागत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अमृत भारत योजना के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन को बनाया जा रहा है। स्टेशन पर चल रहे काम के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा रहा है। स्टेशन पर बने दोनों प्लेटफार्म पर पानी भरा रहता है, जिसके कारण पूरे समय फिसलन बनी रहती है। वहीं, शेड से टपकते पानी के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतने में भी परेशानी हो रही है। स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान स्टेशन की दीवार पर गुटाखे के निशान बने हुए है और मुख्य द्वार पर गाय ने कब्जा कर रखा है। स्टेशन के बाहर आटो चालक और ई-रिक्शा खड़े रहते है। इसी कारण यात्रियों को निकलने तक की जगह नहीं मिलती है।

**मेट्रो एंकर**

### प्रदेशभर के सिंधी समाज के 500 मेधावी प्रतिभाएं सम्मानित

# सिंधु सभा, सिंधी मेला समिति का प्रतिभा सम्मान समारोह

### सम्मान से बच्चों को मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा: सबनानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति के संयुक्ततत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता (अतिरिक्त कलेक्टर) शंकर घनश्यामदास अदानी ( चार्टेड अकाउंटेंट) निकिता ममतानी (वक्ता, इंदौर) अजय गोयनका ( डायरेक्टर चिरायु मेडिकल फ़ाउंडेशन) डॉ. विजय डी. बजाज ( फाउंडर प्रेसिडेंट चाइल्ड ब्रेन जिम, पुणे) डॉ सुदेश कुमार सोहानी ( कुलपति चिरायु



विश्वविद्यालय, भोपाल) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होने थे । इस समारोह में 10वीं व 12वीं, कॉलेज की डिग्री एवं प्रदेश स्तर पर अनेक गतिविधियों में उपलब्धियां और मैडल पाने वाले लगभग 500 प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सबनानी ने बच्चों को कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए नई प्रतिभाओं को दिशा निर्देश देने के साथ साथ संसाधनों की पूर्ति में सहयोग देना आवश्यक है।

इस अवसर पर सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी और महासचिव नरेश तालरेजा ने कहा कि समारोह का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है, आपको मिलने वाले इस सम्मान से आप प्रोत्साहित होते हैं, साथ ही समाज के लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

ग़ौरतलब है कि यह प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह प्रादेशिक स्तर पर आयोजित किया गया जिसमें इंदौर, जबलपुर, कटनी, रतलाम, इटारसी, होशंगाबाद, विदिशा सहित अन्य जिलों से लोग इस समारोह में शामिल होने के लिए राजधानी पहुँचे।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर कार्यक्रम संयोजक हरीश चांदवानी, सह संयोजक करण भागचंदानी, कपिल भाटिया, राम आसुदानी, माया पंजवानी, रेखा कमल, हरीश मेघानी, महेश मेघवानी,मनोहर उतवानी सुनील मंगवानी, राजू वाधवानी, अजय नानवानी,रिया तोलानी, मनोज नाथानी, ठाकुर पंजवानी, नानक दासवानी, अशोक रोहरा, महेश तोलानी, नानक दादलानी, हरीश विधानी, कविता इसरानी, भावना जगवानी, सिया आसुदनी, पूजा भाटिया, चंदा तरानी सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मंडीबामोरा को नप व खिमलासा को तहसील का मिल सकता है दर्जा

## आज मुख्यमंत्री मोहन यादव बीना दौरे के दौरान कर सकते हैं घोषणा

# सागर के 190 गांव के हजारों किसान को सिंचाई परियोजना से जोड़ेगी सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सागर जिले के 190 गांव के हजारों किसानों को सरकार बीना नदी सिंचाई परियोजना से जोड़ सकती है। ये गांव उक्त योजना में शामिल होने से वंचित रह गए थे जिसके कारण आर्थिक रूप से पिछड़ गए। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिला। सरकार इन्हें उक्त् योजना में शामिल कर सकती है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सोमवार को बीना में दोपहर बाद आयोजित कार्यक्रम में इसको लेकर घोषणा कर सकते हैं। हालांकि बीना को जिला बनाने की मांग भी वर्षों से उठती रही है लेकिन सरकार फिलहाल यह मांग नहीं करेगी, इसके लिए प्रशासनिक इकाई पुर्नगठन आयोग की रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के विकास के लिए करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन भी करेंगे। असल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को बीना जा रहे हैं। पूर्व में यह दौरा 4 सितंबर को प्रस्तावित था जो उनके पिता पूनम चंद यादव के निधन के चलते टल गया था। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से बीना को 1968 से चली आ रही बीना को जिला बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया था। इस बीच सत्ता व संगठन ने बीना भाजपा कोर ग्रुप के पदाधिकारियों के साथ बैठकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में तय किया कि प्रशासनिक इकाई पुर्नगठन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही नए जिले बनाएंगे। आयोग की रिपोर्ट के आाधर पर ही बीना को लेकर निर्णय लेंगे। मुख्यमंत्री बीना के कार्यक्रम से मंडीबामोरा को नगर परिषद व खिमलासा पंचायत को तहसील बनाने की घोषणा भी कर सकते हैं। ये दोनों अभी पंचायत है लेकिन इनकी आबादी अच्छी खासी हो गई है। आम लोगों की सहूलियतों को देखते हुए ये घोषणाएं की जा सकती हैं। वहीं सागर जिले में कुछ नए कॉलेज मिल सकते हैं, इसके अलावा मुख्यमंत्री ऐनवक्त पर सामने आने वाली इन मांगों को भी पूरा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री उक्त कार्यक्रम से ही 1.29 करोड़ लाड़ली बहनाओं के खाते में 1574 करोड़ और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में 332.43 करोड़ रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करेंगे।

### सप्रे आज दे सकती है इस्तीफा

उधर लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल होने का वादा कर चुकी बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे आज इस्तीफा दे सकती है। सूत्रों के मुताबिक वह लंबे समय से चाहती थी कि मुख्यमंत्री बीना आए और वह उनकी मौजूदगी में इस्तीफा की घोषणा करे। यह भी चाहती थी कि बीना को जिला बनाया जाए, संभवतः इसी शर्त पर उन्होंने इस्तीफा भी दिया था लेकिन उनके इस्तीफे को लेकर शुरू हुई चर्चा के बाद बीना व खुरई से जिले को अलग–अलग मांगे उठनी लगी।

## उच्च शिक्षा: कॉलेज व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पुरातात्विक महत्व के स्थलों का कराया जाएगा भ्रमण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के कॉलेज-विवि के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग पुरातात्विक महत्व के स्थलों भ्रमण कराएगा। इसमें खजुराहो, सांची, चंदेरी, राजवाड़ा इंदौर के साथ राज्य और जिला स्तरीय संग्रहालयों का भ्रमण कराया जाएगा। इससे विद्यार्थी अपनी विरासत और सांस्कृतिक चेतना से अवगत होंगे और प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर मौजूद पुरातात्विक स्थलों के बारे में उनकी जानकारी बढ़ेगी। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी कर विजिट के लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार करने को कहा गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री द्वारा कॉलेज स्टूडेंट्स को संस्कृति और पुरातत्व के महत्व वाले स्थलों का दौरा कराने और उन्हें संस्कृति से परिचय कराने के निर्देश देने के बाद इसके लिए निर्देशित किया है। इसके लिए जनभागीदारी मद से राशि खर्च करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। साथ ही कॉलेज, विश्वविद्यालय के वार्षिक कैलेंडर में शामिल करने के लिए उन स्थलों की सूची भी भेजी है, जहां इन्हें भ्रमण कराया जा सकता है।

## 30 सितम्बर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन

भोपाल, दोपहर मेट्रो। भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय श्रम कल्याण संगठन जबलपुर द्वारा बीढ़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत बच्चों के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में नेशनल स्कॉलरशिपा पोर्टल (एनएसपी) पर प्री-मेट्रिक श्रेणी में शिक्षण के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी 30 सितम्बर 2024 तक आवेदन कर सकते है। वहीं पोस्ट मेट्रिक के लिये आवेदन करने की अंतिम 31 अक्टूबर निर्धारित है।

भाजपा का निशाना

## दिग्विजय विचित्र मांग करने वाले नेताः सुधांशु

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**





भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित आरोग्य भारती के दसवें वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। इस कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक वार्ष्णेय ने भी संबोधित किया। इस मौके पर त्रिवेदी ने गुना के राघौगढ़ में दिग्विजय सिंह के केवट समाज के दो गरीबों की दिनदहाड़े हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा की मांग पर कहा कि वे (दिग्विजय) अत्यंत वरिष्ठ नेता हैं। अपनी विचित्र मांगों के लिए वे विख्यात रहे हैं। 26/11 के हमले पर उनकी सरकार ने कहा- 'आतंकवादी हमला है।' लेकिन दिग्विजय सिंह कह रहे थे कि आरएसएस ने करवाया था। ऐसे विख्यात शख्स पर टिप्पणी नहीं कर सकता। त्रिवेदी ने हरियाणा में कांग्रेस के सीएम फेस पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी समस्या केवल फेस की नहीं है, उनके चेहरे और मुखौटे दोनों की समस्या है। उनका सैद्धांतिक और राजनीतिक चेहरा क्या है, समझ नहीं आता।

## प्रदेशभर में आंदोलनः कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा कल से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस ने अगस्त में जिला, संभाग और प्रदेश स्तरीय आंदोलन के बाद अब सितंबर में भी ऐसा ही करने की तैयारी है। इसी कड़ी में 10 सितंबर से किसान न्याय की शुरुआत हो रही है। जिला और संभाग स्तर पर निकाली जाने वाली इस यात्रा के बाद इसी माह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भी होगा। किसानों के साथ अन्य वर्ग की भी कांग्रेस आवाज बनेगी। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने काम-काज संभालने के साथ टीम को सक्रिय करना शुरू कर दिया है।उन्होंने सोशल मीडिया विभाग के सभी समन्वयकों के बीच कार्यों का बंटवारा भी कर दिया। चंचलेश व्यास को सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष के साथ अटैच किया गया है। अब्बास हफीज को यूट्यूब चैनल एवं यूट्यबूर, इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। अभिनव बरोलिया को वाट्सऐप चैनल एंव सर्कुलेशन के साथ पार्टी के मीडिया विभाग के साथ समन्वय, असद उद्दीन को प्रशिक्षण एवं रिसर्च, नेताओं के साथ समन्वय का जिम्मा दिया गया है। अपूर्व भारद्वाज को वालंटियर्स नेटवर्क की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री पीसी शर्मा को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है।




मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## संपादकीय

# हवा में शुध्दता की जरूरत

हवा जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसका शुध्द भी होना। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश के कई शहर और उसके बाशिंदें साफ स्वच्छ हवा के अभाव में जी रहे हैं। यानि वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं और बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से घिरे हैं। इससे पैदा होने वाली बीमारियों के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने के तथ्य उजागर हैं। कई मौकों पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण और सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली सहित समीपवर्ती राज्यों को इस पर काबू पाने का निर्देश दे चुके हैं। सरकारें इससे पार पाने के लिए अनेक उपाय आजमा चुकी हैं, मगर हकीकत यह है कि शहरों की वायु गुणवत्ता सुधरने के बजाय दिन-ब-दिन बिगड़ती ही गई है। एक ताजा रपट के मुताबिक देश के सौ प्रदूषित शहरों में हरियाणा के चौबीस में से पंद्रह शहर सर्वाधिक प्रदूषित पाए गए हैं। इनमें फरीदाबाद सबसे प्रदूषित शहर है। वहां पीएम 2.5 का स्तर एक सौ तीन माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर तक दर्ज किया गया, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार यह पांच माइक्रोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। वहीं गुजरात का सूरत सबसे साफ हवा वाला शहर पाया गया है। जबकि मप्र का जबलपुर दूसरे स्थान पर है। गत वर्ष शीर्ष पर रहा मप्र का इंदौर सातवें नंबर पर खिसक गया है। भोपाल पांचवे से आठवें स्थान पर आ गया है। लेकिन जहां हवा खराब है वहां लोगों को सांस लेने में कैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ता होगा और उनकी सेहत पर कैसा असर पड़ता होगा। यह स्थिति तब है, जब फरीदाबाद राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का हिस्सा है। हरियाणा के बाकी शहर इसका हिस्सा नहीं हैं। फरीदाबाद के बाद, गुरुग्राम की वायु गुणवत्ता भी बेहद खराब है। वहां पीएम 10 का स्तर राज्य में सबसे अधिक है। हरियाणा में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर की वजहें साफ हैं। दिल्ली से सटा होने के कारण बाहर से आने वाले ज्यादातर वाहन किसी न किसी रूप में इसके भीतर से होकर गुजरते हैं। दूसरे, हरियाणा के हर शहर में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके चलते वहां औद्योगिक क्षेत्र का निरंतर विकास होता जा रहा है। इससे शहरी आबादी और वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ती गई है। औद्योगिक इकाइयों और वाहनों का धुआं वातावरण को तेजी से प्रदूषित कर रहे हैं। सर्दी के मौसम में जब हवा संघनित होकर पृथ्वी की सतह के पास सिमट आती है, तो प्रदूषण और घना हो जाता है। उस वक्त लोगों का सांस लेना दूभर हो जाता है। दिल्ली में तो इस समस्या के चलते स्कूल-कालेज तक बंद करने पड़ जाते हैं। जगह-जगह पानी की फुहार छोड़ने वाले यंत्र लगाने पड़ते हैं। दिल्ली दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर बन चुका है। दिल्ली सरकार हर वर्ष इस समस्या से पार पाने की रणनीति बनाती है, मगर अब तक उसे इस दिशा में कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब वायु प्रदूषण बढ़ने से परेशानियां बढ़ जाती हैं, तो सरकारें एक-दूसरे पर दोषारोपण भी शुरू कर देती हैं।मगर हकीकत यह है कि वायु प्रदूषण अब किसी एक राज्य की समस्या नहीं रह गई है। कमोबेश सारे राज्य इससे प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण किसी एक क्षेत्र तक सीमित रहने वाली समस्या है भी नहीं। हरियाणा,पंजाब राजस्थान में प्रदूषण बढ़ता है, तो दिल्ली पर भी उसका प्रभाव पड़ता ही है। इसी तरह दिल्ली का प्रदूषण हरियाणा के सीमावर्ती शहरों पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए इस समस्या से पार पाने के लिए समन्वित प्रयास युद्दस्तर पर किए जाने चाहिए। दोषारोपण करके समस्या को दूर नहीं किया जा सकता। इसमें औद्योगिक इकाइयों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है।

> कला का उद्देश्य आत्मा को शिक्षित करना और उन्नत करना है।
> – फेडरिक शिलर

## आज का इतिहास

- 1823 - साइमन बोलिवर पेरु के राष्ट्रपति बने।
- 1846 - एलियस होवे ने सिलाई मशीन का पेटेंट कराया।
- 1847 - हवाई द्वीप में पहला थियेटर खुला ।
- 1914 - फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध समाप्त।
- 1939 - कनाडा ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1966 - संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी।
- 1974 - अफ्रीकी देश गिनी ने पुर्तगाल से स्वतंत्रता हासिल की ।
- 1976 - इंडियन एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान का लाहौर से अपहरण हुआ था।
- 1996 - संयुक्त राष्ट्र आम सभा में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि 3 के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों द्वारा संधि का विरोध।
- 1998 - येवगेनी प्रीमाकोव को रूस का नया प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया, दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया परमाणु अप्रसार की दिशा में समन्वित प्रयास करने पर सहमत।
- 1926 - जर्मनी ने'लीग ऑफ नेशंस'की सदस्यता ली थी।
- 2002 - यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना था।
- 2003 - विश्व व्यापार संगठन की पांचवी मंत्रिस्तरीय बैठक कानकुन में प्रारम्भ हुई थी।
- 2007 - नाटकीय घटनाक्रम के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ को स्वदेश लौटने के बाद पुनः जेद्दा निर्वासित किया गया।
- 2008 - सर्वोच्च न्यायालय ने उपहार अग्निकांड मामले में दोषी ठहराये गए अंसल बंधुओं की जमानत रद्द की थी।

## निशाना

### कब तक होगी रोकथाम ?



धांधली और गड़बड़ी ।
पकड़ रही रफ़्तार ।।
बच्चों के भविष्य पर ।
दिन पर दिन प्रहार ।।
कब तक होगी रोकथाम ?
ना लगती लगाम ।।
लगता इसके अंदर ।
बड़े बड़े नाम ।।
हैं बच्चे अवसाद में ।
नहीं निकलता हल ।।
हो रहा खिलवाड़ उससे ।
जो उनका है कल ।।
हैं ऐसे दोराहे पर ।
समझ नहीं कुछ आता ।।
जो व्यवधान डाल रहे ।
क्या कुछ उनका जाता ।।

- कृष्णेन्द्र राय

# राहुल गांधी के लिए सत्ता का रास्ता यूपी से या यूएसए से

■ आलोक मेहता



लखनऊ के एक पुराने मित्र ने फोन करके एक दिलचस्प सवाल किया 'यह बताइये भारत में केंद्र की सत्ता का रास्ता यू पी ( उत्तर प्रदेश ) से आता है या यू एस ए ( अमेरिका ) से ? ' वह कभी वरिष्ठ अधिकारी , नेता और लेखक रहे हैं । यू पी में चरण सिंह से योगी तक और इंदिरा गाँधी से नरेंद्र मोदी की सरकारों और विभिन्न पार्टियों के उतार चढ़ाव देखते रहे हैं । इसलिये मैंने उत्तर दिया - 'परम्परा से तो हर राजनीतक पार्टी के बड़े नेता कहते और सिद्ध करते रहे हैं कि उत्तर प्रदेश से विजय रथ लेकर निकले बिना न कोई प्रधान मंत्रीं बन सका या बनवा सका । लेकिन कभी सी आई ए के नाम पर गतिरोध और गड़बड़ियों के आरोप लगाने वाली कांग्रेस के कुछ नेताओं को भरोसा है कि अमेरिकी ताकत से सत्ता का रास्ता आसान हो सकता है । शायद इसीलिए भारत के हर लोक सभा या महत्वपूर्ण राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव से पहले अपने नेता राहुल गाँधी की अमेरिका की यात्रा का इंतजाम कर देते हैं । कुछ स्थानों पर प्रायोजित सार्वजानिक भाषण और मुलाकातें होती हैं और कुछ गुप्त बैठकें होती हैं । बहरहाल आप खबरों और विश्लेषणों पर नजर रखिये , जब दिल्ली आएं तो सामने बैठकर बात करेंगे । ' लेकिन इस संक्षिप्त बातचीत से महसूस हुआ कि यह संयोग नहीं , राजनीतिक भी नहीं महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सत्ता का खेल बनता जा रहा है । भारतीय राजबीति , प्रशासन , अर्थ व्यवस्था , मीडिया और गुप्तचर तंत्र को प्रभावित करने का सिलसिला है । फिर इस बार तो संवेदनशील जम्मू कश्मीर से लेकर दुनिया के बाजार को प्रभावित करने वाले मुंबई महाराष्ट्र के चुनावों के लिए कांग्रेस की जोड़ तोड़ चरम सीमा पर है ।

राहुल गांधी 8 से 10 सितंबर तक अमेरिका में होंगे, जिस दौरान वह जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय और टेक्सास यूनिवर्सिटी में लोगों के साथ संवाद करने के साथ ही वाशिंगटन डीसी और डलास में कई बैठकें करेंगे ।राहुल नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस के साथ बातचीत करेंगे, थिंक टैंक के लोगों से मिलेंगे और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों और चुनिंदा लोगों को सम्बोधित करेंगे । राहुल की छवि चमकाने और यदा कदा अपने बयानों से कांग्रेस को फजीहत में डालने वाले

गांधी परिवार के सबसे करीबी सैम पित्रोदा नेराजीव गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी को 'भारत की अवधारणा का संरक्षक' बताया है । उन्होंने कहा कि राहुल अपने पिता से ज्यादा बुद्धिमान हैं और वह रणनीति बनाने के मामले में भी उनसे बेहतर हैं. शिकागो में भारतीय न्यूज़ एजेंसी को दिए इंटरव्यू में पित्रोदा ने जोर देकर कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी में प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं । ' और इस वक्तव्य के बाद भी कई टी वी चैनल्स और सोशल मीडिया पर सैम अंकल का प्रचार अभियान जारी है । हाल के लोक सभा चुनाव के बाद प्रतिपक्ष के नेता का दर्जा मिलने से अमेरिका , यूरोप और भारत में भी पित्रोदा और पार्टी दुनिया को यह दिखाने में लगी है कि ' सम्भलो राहुल बस केंद्र की सत्ता का सिंहासन पाने वाले हैं ' । पिछले दस वर्षों के दौरान राहुल गाँधी ने तीन सौ से अधिक विदेश यात्राएं की होंगी।

पित्रोदा ने पहली बार इंदिरा गाँधी और राजीव गांधी को टेलीकॉम सेक्टर पर अपने फॉर्मूलों से परिवार के अंदरूनी घेरे में प्रवेश किया। था । बाद में उन्हें सरकार में बड़े निर्णय करने वाले मिलते रहे । राजीव गाँधी के सत्ता से हटने पर वी पी सिंह सरकार के पुराने कांग्रेसी मंत्री के पी उन्नीकृष्णन ने टेलीकॉम क्षेत्र में करोड़ों के गंभीर आरोप लगाए , जांच के आदेश हुए । लेकिन दो साल बाद सरकार ही बदल गई और कांग्रेस सत्ता में आ गई । उतार चढ़ाव चलता रहा और



मनमोहन सिंह की सरकर आने पर सोनिया गांधीन के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद् के साथ पित्रोदा को ज्ञान आयोग का प्रमुख बनाकर लगभग मंत्रो जैसा दायित्व मिला । अब वह अब राहुल गांधी के करीबी सहयोगी हैं, उन्हें कई मुद्दों पर सलाह देते हैं, उनकी विदेश यात्राओं की व्यवस्था करते हैं और यहां तक कि चुनावों के लिए पार्टी के घोषणापत्र के मसौदे में भी प्रमुख भूमिका निभाते हैं।राजीव गांधी और राहुल गांधी के बीच समानताओं और अंतर के बारे में पूछे जाने पर पित्रोदा ने कहा है कि उन्होंने राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह, वीपी सिंह, चंद्र शेखर और एचडी देवेगौड़ा सहित कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है. । मुझे कई प्रधानमंत्रियों के साथ बहुत करीब से काम करने का मौका मिला, लेकिन राहुल और राजीव के बीच अंतर शायद यह है कि राहुल कहीं अधिक बुद्धिमान और बेहतर रणनीतिकार हैं, राजीव काम करने में ज्यादा यकीन रखते थे ।'

इस तरह के दावों से लगता है कि राहुल गाँधी विदेशों में अपनी गतिविधियों से भारत के मतदाताओं को भी चमत्कृत करने में लगे हैं । उनके दूसरे सलाहकार दिग्विजय सिंह एक कदम आगे बढ़कर यह कहते रहे हैं कि सत्ता में हों या न हों विवादों से भी चर्चा में बने रहना उचित है । पार्टी के प्रचार प्रमुख जयराम रमेश को भी पार्टी तथा गाँधी परिवार के करीबी मणिशंकर अय्यर की शैली में आक्रामक तेवर अपनाने का तरीका पसंद है । लेकिन क्या इससे जनता का दिल जीतना आसान है ? पित्रोदा , मणिशंकर अय्यर और जयराम नरेश चुनावी मैदान में नहीं जाते हैं । लेकिन उनकी सलाह पर राहुल गांधी जितने वक्तव्य देते हैं , वे व्यापक राष्ट्रीय हितों की दृष्टि से खतरनाक कहे जा सकते हैं । लगभग एक वर्ष से वह जाति जन गणना , सरकारी खजाना दो अरबपतियों को लुटाने जैसे उत्तेजक भ्रामक बयान देते रहे हैं । अब अमेरिका जाने से पहले उन्होंने कश्मीर की चुनावी सभाओं में यहाँ तक कह दिया कि ' हमने राजाओं को हटाकर लोकतंत्र कश्मीर में लाया था । लेकिन अब मोदी सरकार ने यहां राजा का शासन ला दिया है। यहां के राजा एल जी ( उप राज्यपाल ) हैं। पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे। मोदी जी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया । यहाँ का धन बाहर के लोगों को लुटाया जा रहा हैं , उन्हें कॉन्ट्रैक्ट दिए जा रहे हैं । देश में पूरी सरकार दो अरबपतियों के लिए चलाई जा रही है। आपका जो स्टेट हुड छीना गया है, उसका फायदा इन्हीं दोनों को दिया गया है। जो हालात देश में है, उससे खराब हालत जम्मू-कश्मीर में है।÷ बहुत संभव है यही बात वे अमेरिका में भी कहें , क्योंकि उनके सलाहकार पित्रोदा की सलाह यह भी है कि 'किसी विपक्षी नेता द्वारा सरकार की आलोचना करना जायज है, और यह वास्तव में उसका काम है, तो शिकायत क्यों करें । विदेश में की गई टिप्पणियों को लेकर उनकी आलोचना करना बकवास है ।'

जम्मू कश्मीर को दशकों बाद मोदी सरकार ने संविधान की धारा 3।0 के बंधन से मुक्त कर वहां के लोगों को हर भारतीय जैसे अधिकार और आर्थिक विकास की रफ़्तार बढ़ाई । अब दो तीन करोड़ पर्यटक पहुँचने लगे हैं और चुनाव के बाद पुनः राज्य का दर्जा देने का वायदा भी कर दिया है । लेकिन राहुल गांधी वहां बाहरी लोगों के आने काम करने के विरोध का अभियान चलाकर अलगाववाद की आग लगा रहे हैं । कश्मीर तो आतंकवाद और अब्दुल्ला मुफ़्ती राज में भ्रष्टाचार से बुरी तरह प्रभवित था । वहां सीमित आर्थिक साधन हैं और बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य , पर्यटन सुविधा , रोजगार , व्यापार आदि के लिए देश विदेश से बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश की आवश्यकता है । यही नहीं रायबरेली अमेठी को चुनावी गढ़ के उत्तर प्रदेश या बिहार , कर्नाटक , हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कोई कश्मीरी या अन्य भारतीय काम धंधे ठेके लेने के हकदार नहीं होंगे ? इसी तरह किसी केंद्र शासित प्रदेश के उप राज्यपाल या राष्ट्रपति शासन में राज्यपाल राजा की तरह गड़बड़ियां और अत्याचार कर सकते हैं । इंदिरा गाँधी से लेकर राहुल गाँधी की सुरक्षा व्यवस्था में रहे अधिकारी भी उप राज्यपाल या राजयपाल रहे हैं , लेकिन ऐसे आरोप प्रतिपक्ष ने नहीं लगाए । इसी तरह भारत के लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था को पूरी तरह संकट में बताने का प्रचार भारत के अंदर और विदेशों में कितना उचित या उपयोगी होगा ?

# ग्रीन टेक्नोलॉजी: सोयाबीन वेस्ट से कपड़ा बनाने की धुन

## सफलता की कहानी



अरविंद नामदेव पिता स्वर्गीय हरभजन नामदेव का जन्म 31 दिसंबर 1984 को हुआ यह पढ़ाई में 12th पास थे। अपने पिताजी के साथ इन्होंने कटिंग और टेलरिंग का कार्य सीखा और उसे करने लगे, लेकिन उनके मन में हमेशा से ही कुछ अलग करने की चाहत थी, इसी चाहत के बल पर इन्होंने एक अच्छे मार्केट में अपना स्वयं का एक बुटीक डाला जो की इन्हें अच्छे रिटर्न दे रहा था द्य उनके मन में कटिंग स्विंग को लेकर तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा थी ,इसी इच्छा के चलते इन्होंने 2016 में महिला आईटीआई भोपाल के स्विंग टेक्नोलॉजी ट्रेड में एडमिशन लियाद्य आईटीआई में इन्होंने काफी लगन से इस ट्रेनिंग को किया एवं नवाचार को अपनाया और इसका प्रयोग यह अपने पूर्व में चल रहे बुटीक पर भी करने लगेद्य जिससे कि उनके कार्य में बढ़ोतरी हुई एवं उनकी प्रसिद्ध हुई द्यइसी के साथ ही साथ इन्होंने राष्ट्रीय डिजाइनिंग संस्थान भोपाल एवं एनआईएफडी जैसे संस्थानों में गेस्ट फैकल्टी के रूप में भी कार्य करना आरंभ किया।

लेकिन उनकी उड़ान यहां पर भी खत्म नहीं हुई यह कुछ ऐसा करना चाहते थे जिसमें कि यह लोगों को रोजगार देने के साथ ही साथ ट्रेनिंग का कार्य भी करेंद्य और इसी के चलते इन्होंने एक स्वयं सहायता समूह का निर्माण किया जिसमें 10 मेंबर थे इन्हें इस स्वयं सहायता समूह में बुनकर सेवा केंद्र इंदौर से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिससे इन्होंने वस्त्र मैन्युफैक्चरिंग से टेक्सटाइल की तरफ भी अपना रुख किया और सभी मेंबर्स को बुनकर सेवा केंद्र इंदौर द्वारा ट्रेनिंग दी गई जिससे इन्होंने अपना हथकरघा का काम शुरू किया और विभिन्न तरह के कपड़ों का निर्माण किया इन कपड़ो को यह गारमेंट बनाकर प्रगति मैदान दिल्ली की प्रदर्शनी जी भी प्रदेश में लगाई जाती थी वहां जाना शुरू किया द्यधीरे-धीरे तार जुड़ते गए और इनका कार्य बढ़ने लगा अब उनके स्वयं सहायता समूह में 10 से बढ़कर सदस्यों की संख्या 20 हो गई थी 20 सदस्य हो जाने पर इन्होंने इस समूह को एक प्रोड्यूसर कंपनी में बदलने का सोचा और 2024 में इन्होंने एन प्रियांश प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड भोपाल का निर्माण किया इसका रजिस्ट्रेशन दिल्ली में हुआ यह एक गौरव की बात है कि आईटीआई से प्राप्त शिक्षा के बाद इन्हें तकनीकी शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में काम करने की ऐसी लगन लगी कि इन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा इन्हें अंतर्राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर उनकी कंपनी के लोगों को दिल्ली में भी आमंत्रित किया गया। एवं यहां पर भी इन्होंने लोगों के साथ बहुत अच्छे कार्यक्रम किया।

प्रोड्यूसर कंपनी में यह कपड़ा बनाई या टेक्सटाइल के कार्य के अतिरिक्त ट्रेनिंग देने का कार्य भी नेशनल हैंडलूम दिल्ली की मदद से करेंगे।

उनके मन में अभी भी एक और अविष्कार करने का दृढ़ निश्चय है जैसा कि हम जानते हैं मध्य प्रदेश एक सोयाबीन का बहुत उत्पादक क्षेत्र है और सोयाबीन के वेस्ट से यह एक रेशा बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है आगे जिस तरह से भी इन्हें सफलता मिलती है यह इस सोयाबीन से कपड़ा निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे इस तरह से यह अपने कार्य को ग्रीन टेक्नोलॉजी की तरफ शिफ्ट करना चाहते हैं, जो कि आज के समय की मांग है द्यइनकी प्रोड्यूसर कंपनी अभी तक एक बैच में 24 लोगों को हथकरघा की ट्रेनिंग दे चुकी है इस ट्रेनिंग के दौरान यह ट्रेनिंग को इस टाइप फंड भी देते हैं एवं आगे भविष्य में उनके लिए एक नया रास्ता खोलने का प्रयास करते हैंद्य जिससे लोग अपना कार्य भी शुरू कर सकते हैं एवं उनके साथ जोड़कर भी नया कार्य कर सकते हैं।



बार्सिलोना, स्पेन स्थित एंटोनी गौडी का सग्रादा फ़मिलिया एक आधुनिक वास्तुकला का चमत्कार है। 1882 से निर्माणाधीन, यह बेसिलिका अपने अद्वितीय और जटिल डिज़ाइन के लिए प्रसिद्ध है। गौडी की दृष्टि गॉथिक और आर्ट नोव्यू शैलियों को जोड़ती है, जिसके परिणामस्वरूप एक ऐसी संरचना बनती है जो सनकी और गहरी आध्यात्मिक दोनों है।

# डॉक्टर तोमर ने स्कूल का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

साक्षरता मिशन के ब्रांड एंबेसेडर डॉ मयंक तोमर जो कि इस मिशन के तहत पूरे जिले की साक्षरता दर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ताकि बुनियादी शिक्षा को मजबूत किया जा सके. इसी के तहत उन्होंने ड्रीम इंडिया स्कूल में आकर निरीक्षण किया तथा पौधारोपण करके उन्होंने बच्चों को पौधे लगाने की तरफ जागरूक भी किया. विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण को सुरक्षित करने तथा संवारने की जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाईऔर सभी शिक्षकों से कौशल विकसित करने के प्रति अपने सुझाव सांझा किये. डॉ.मयंक ने सभी शिक्षकों तथा उनकी कक्षाओं का निरीक्षण करके बच्चों के भविष्य के प्रति सजकता पूर्ण पढ़ाई को देखकर उन्होंने शिक्षकों के कार्यों को काफी सराहा और शाला परिवार के कार्यों की प्रशंसा करके उनका उत्साह वर्धन किया. इस अवसर पर बच्चों के द्वारा की जाने वाली प्रस्तुति का आनंद लिया तथा शाला परिवार की तरफ से प्रिंसिपल आरती भावसार ने डॉ. मयंक के कर कमलों द्वारा शिक्षकों को सम्मानित करवाया गया।

# नर्मदा नदी में स्नान करने गई देवरानी-जेठानी की डूबने से मौत

## आज सुबह 24 घंटे बाद मिले दोनों के शव, गांव में छाया मातम





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को सुबह नर्मदा नदी के भीलाडिया घाट पर ऋषि पंचमी का स्नान करने गई दो महिलाये जो आपस मे देवरानी और जेठानी लगती थी जिनका नहाते समय पैर फिसलने से डूब गई। बताया जाता है की जेठानी का पैर फिसलने से बो गहरे पानी में चली गई तो उसे बचाने के लिए देवरानी भी कूद पड़ी इन दोनों को डूबते हुए देखा तो सचिन तंवर भी बचाने कूदा लेकिन वह भी गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगा वहां पर नाविको ने सचिन को तो बचा लिया लेकिन दोनों महिलाएं पानी के अंदर देखते ही देखते समा गई।

दोनो महिलाए ग्राम फरीदपुर की रक्षा तंवर उम्र लगभग 28 साल और रानू तंवर उम्र 22 साल की डूबने की जैसे ही खबर लगी वैसे ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंचने लगे।

घटना स्थल पर एनडीआरएफ की टीम और शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव अपने दल बल के साथ लगातार गोताखोरों की मदद से रविवार के दिन भर दोनों महिलाओं को ढूंढने का प्रयास किया गाया। शाम तक ढूंढने का प्रयासजारी रहा रात्रि होने के कारण रविवार की शाम को रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद करना पड़ा आज सुबह होते ही एनडीआरएफ की टीम और पुलिस दल द्वारा दोनों महिलाओं का नर्मदा नदी में खोज करना शुरू किया गया इसी दौरान रानू तंवर का शव ग्राम भीलाडिया घाट पर तो रक्षा तंवर का शव उमरिया घाट पर मिला दोनों सवो को सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करने के लिए लाया गया।

### रक्षा का 4 साल का बच्चा है तो रानू की चार माह पहले हुई थी शादी

सिवनी मालवा में ऋषि पंचमी के दिन हुई हृदय विदारक इस दुखद घटना ने सबको दुखित कर दिया जिसने भी इस घटना को सुना उसने अपना दुख व्यक्त किया डूबने से हुई मौत रक्षा तंवर का 4 साल का बच्चा है वही रिश्ते में लगने वाली देवरानी रानू तंवर की अभी 4 महीने पहले ही शादी हुई थी दोनों महिलाओं की डूबने से हुई मौत से गांव में शोक की लहर देखी गई।

# कोचिंग शिक्षक संघ की मासिक बैठक संपन्न



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को कोचिंग एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन 11वीं लाइन लीडर्स अकादमी में किया गया। बैठक में ट्यूलिप कोचिंग संस्थान के संचालक मनोज साहू सर , साईं कॉमर्स क्लासेस के संचालक रजनीश मालवीय ,ओपन अप अकेडमी के संचालक प्रशांत राठौर सर, प्रगति कोचिंग संस्थान संचालक अब्दुल हबीब सर ने नए सदस्य के रूप में संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की गई संगठन द्वारा बालदिवस पर उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा , वृक्षारोपण कार्यक्रम द्वारा पर्यावरण संरक्षण प्रतिमाह किया जाए, अगले वर्ष से कॉमन फीस स्ट्रक्चर लागू किया जाए।

बैठक में अध्यक्ष आशीष भदौरिया सर ने नवीन सदस्यों का स्वागत किया है एवं प्रत्येक सदस्य संगठन के हित में कार्य करने की अपील की। बैठक मे उपाध्यक्ष अजीत सिंह तोमर सर, उपाध्यक्ष गिरधारी चौरे सर, सचिव आशीष पटेल सर, कोषाध्यक्ष नितिन भारद्वाज सर, पूर्व अध्यक्ष राजेश चौधरी सर, पूर्व अध्यक्ष श्याम सिंह राजपूत सर, पूर्व सचिव संजय मनवारे सर, सहसचिव रोहित सनस सर, प्रवक्ता राजीव पटेल सर, प्रियंक गोयल सर, पीताम्बर रैकवार सर, अमित चौरे सर, रंजीत परदेशी सर । बैठक का संचालन सचिव आशीष पटेल सर ने किया। आभार प्रदर्शन अजीत सर अजीत तोमर सर द्वारा किया गया।

# सगर को मजदूर संघ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हर्ष

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

विगत दिवस चक्कर रोड स्थित जिझौतिया भवन में भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई का गठन किया गया जिसमें नगरपालिका से जिले की कार्यकारिणी में दाताराम सगर को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए जाने से नगरपालिका के कर्मचारियों के मध्य खुशी का वातावरण व्याप्त है. नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने बताया स्थानीय नेहरू पार्क में बैठक आयोजित करके उपस्थित कर्मचारी सदस्यों को बताया गया कि संभाग श्रम विभाग से 25 सूत्रीय मांग पत्र पर कार्यवाही करते हुए श्रमायुक्त न्यायालय इंदौर मध्यप्रदेश को प्रेषित किया जा चुका हैं न्यायालय जबलपुर मध्य प्रदेश में नियमितीकरण व एनपीएस फंड के प्रकरण को लेकर उन्ही कर्मचारियों के नाम शामिल किए जायेंगें जो कोर्ट फीस जमा कर अपनी सहमति देंगे। भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई में दाताराम सगर को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए जाने पर ओपी रावत, मनोहर सराठे, मूर्ति सिंह राजपूत, रवि शंकर तिवारी, सुखदेव भार्गव, राजेश दीवान, जीतेन्द्र चन्द्रबेल, विशाल पतंगें, शैलेन्द्र साहू, कैलाश कनौजिया, सुरेश संतौरे, भागीरथ वर्मा, सुखदेव पाटिल, मनीष स्वामी, मनोहर केवट, दिलावर बेग ने पुष्प माला हार से स्वागत सम्मान करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजौरिया, विभाग प्रमुख जीतेन्द्र सोनी का आभार व्यक्त किया है।

# चांदौन में मनाई भगवान बलराम जयंती, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय किसान संघ इटारसी द्वारा भगवान बलराम जयंती कार्यक्रम का आयोजन ग्राम इकाई चांदौन में किया गया । ज्ञात रहे कि भारतीय किसान संघ गांव- गांव जाकर बलराम जयंती कार्यक्रम 6 सितंबर से 15 सितंबर तक आयोजित कर रहा है,तथा गांव की समस्याओं से शासन प्रशासन को अवगत करानें हेतु प्रशासन को ज्ञापन सौंप रहा है। उसी के तारतम्य में चांदौन इकाई में कार्यक्रम आयोजित किया जिसके पश्चात् ज्ञापन नायब तहसीलदार हीरू कुमरे को सौंपा गया । भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी नें बताया कि भाकिसं कृषि? देवता और किसानों के आराध्य भगवान बलराम जी की? जयंती का सप्ताह मना रहा है । भारतीय किसान संघ की स्थापना काल से अब तक किसान हित में निरंतर कार्य कर रहा है जोकि एकमात्र राष्ट्रवाद को सर्वोपरि माननें वाला किसान संघटन है जोकि समय समय पर किसान हित में समस्याओं का निराकरण करानें के उद्देश्य से शासन प्रशासन को अवगत कराता है ।

### ये रही समस्याऐं

भारतीय किसान संघ के द्वारा ग्राम इकाई चांदौन की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया गया, उपस्थित हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्याएं बतायी जो इस प्रकार है -

1- गांव चांदौन में पटवारी तो है किंतु उनके पास अन्य गांव भी है जिससे चांदौन के काम नहीं हो पाते है । चांदौन के लिए पृथक पटवारी की नियुक्ति हो ।

2- किसानों को सिंचाई करनें हेतु 10 घंटे बिजली नहीं मिल रही है बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो । तथा 24 घंटे गांव की बिजली आपूर्ति हो ।

3- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत आर्डिनेंस फैक्ट्री से झिरमऊ तक सड़क को सुधारा जावे ।

4- चांदौन में 4 रपटे है जिससे बाढ़ की आशंका होती है उन पर पुलिया निर्माण किया जावे ।

5- गांव में हाईस्कूल का निर्माण किया जावे ।

6- सभी शासकीय गोहे को अतिक्रमण मुक्त कराकर निर्माण किया जावे ।

# लीना यादव बनी मातृशक्ति वाहिनी की प्रदेश प्रवक्ता



**सिवनी मालवा।** भारतीय सनातन संघ मातृशक्ति वाहिनी मध्यप्रदेश की सिवनी मालवा की श्रीमती लीना यादव को मातृशक्ति वाहिनी मध्यप्रदेश की प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया। उनकी इस नियुक्ति पर भारतीय सनातन संघ मध्यप्रदेश का आभार मान कर उनके शुभ चिंतकों ने बधाई दी बधाई देने वालों भारतीय सनातन संघ जिला अध्यक्ष ललित पटेल गुर्जर,मातृशक्ति महिला मोर्चा संघ जिला अध्यक्ष सुनीता लोवंशी,श्रीमती स्वाति शैलेंद्र गौर नगर पालिका उपाध्यक्ष,श्रीमती श्वेता शर्मा डोलरिया मंडल अध्यक्ष,भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती ज्योति मालवीया भिलट बाबा बाबा मंडल अध्यक्ष,श्रीमती दीपिका यादव महिला मोर्चा सिवनी मालवा मंडल अध्यक्ष, श्रीमती अंजलि सोनी पूर्णिमा जोशी एवं महिला मोर्चा के अन्य पदाधिकारी सहित नर्मदा पुरम के सभी संगठन संघ के पदाधिकारी गण शुभकामनाएं दी।

# स्व. विट्ठल भाई के गीतों पर समां बांधा



**इंदौर, दोपहर मेट्रो।**

गीतकार, राजनेता स्व विठ्ठल भाई पटेल की स्मृति में आयोजित संगीत संध्या में मशहूर गीतकार सांई राम अय्यर ने पटेल के लिखे गीत गाकर समां बांध दिया। कार्यक्रम का आयोजन रविवार रात रवीन्द्र नाट्य गृह इंदौर में विठ्ठल भाई पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान के तत्वावधान में समाजसेवी ललित अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट रहे। सांई राम अय्यर ने झूठ बोले कौआ काटे, चल संन्यासी मंदिर में, मन क्यों बहका रे, बहका,ऐसी दीवानगी देखी नहीं कभी आदि गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक आलोक श्रीवास्तव ने किशोर कुमार के गीत सुनाए। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली हस्तियों का सम्मान किया गया। जिसमें समाज सेवी हेमचंद जैन, लोकगायक हरगोविंद विश्व, पत्रकार कीर्ति राणा, प्रवीण पाण्डेय सागर आदि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**मेट्रो एंकर** क्या कारण है कि दो साल में भी नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा शासन

# शासन के नोटिस का जवाब नहीं दे पा रहे है नगरीय प्रशासन अधिकारी !

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जारी कारण बताओं नोटिस का जवाब देने में अधिकारी क्यों कतरा रहे हैं. शासन द्वारा बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी नोटिस का जवाब नहीं दिया जाना शासन और अधिकारी के बीच तालमेल होने की शंका को मजबूत करता है. एक ऐसा ही उदाहरण नर्मदा पुरम संभाग में देखने को मिला है जहाँ नगरी प्रशासन विभाग द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत एक प्रकरण में नर्मदा पुरम संभाग के नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया के खिलाफ अधिनियम की धारा 20(2) के तहत कार्रवाई कर की गई कार्रवाई से 6 माह में राज सूचना आयोग को अवगत कराना था लेकिन दो साल की अवधि बीत जाने के बाद भी शासन द्वारा संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया जाना शासन की ढुलमुल नीतियों को उजागर करता है. नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा सुरेश बेलिया को चार बार पत्र लिखकर प्रकरण के संबंध में प्रति उत्तर चाहा गया था लेकिन बेलिया द्वारा शासन के एक भी पत्र का उत्तर नहीं दिया गया. शासन के पत्रों का उत्तर न दिए जाने के बाद भी शासन द्वारा संयुक्त संचालक पर कार्रवाई नहीं की जा रही यह बड़े हैरत की बात है।

### संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सुरेश बेलिया पर क्यों नहीं की जा रही कार्रवाई..?

मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग के उप सचिव द्वारा नगरी प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया को पत्र क्रमांक-5042 दिनांक 17/ 11/ 2022 जारी करते हुए अवगत कराया था कि आपके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन को गलत आधारों पर अमान्य करते हुए प्रकटन योग्य जानकारीप्रदाय नहीं की गई. यह कृत मध्य प्रदेश सिविल सेवा ( आचरण ) नियम 1965 के उल्लेखित नियमों की विपरीत है. क्यों ना आपके विरुद्ध मध्य प्रदेश सेवा नियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाए. आप इस पत्र के प्रति उत्तर में जवाब 10 दिवस में देकर अवगत करावे

**शासन को संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया के खिलाफ 6 माह में कार्रवाई कर राज्य सूचना आयोग को अवगत कराना था...**

अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको इस बारे में कुछ नहीं कहना है और आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई कर दी जाएगी।

संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन सुरेश बेलिया द्वारा इस पत्र को अनदेखा किया गया और शासन के पत्र का कोई भी जवाब नहीं दिया गया। नगरी प्रशासन विभाग द्वारा सुरेश बेलिया को फिर एक पत्र क्रमांक- 823 दिनांक 07/ 03/ 2013 जारी करते हुए उक्त पत्र का हवाला देते हुए सात दिवस में प्रति उत्तर की मांग की गई. लेकिन इस पत्र का भी सुरेश बेलिया द्वारा कोई जवाब शासन को नहीं दिया गया। मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा फिर एक पत्र क्रमांक -4537 दिनांक 18 /12 /2023 को जारी किया गया. इस पत्र में भी पूर्व पत्र का हवाला देते हुए संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सुरेश बेलिया को पत्र जारी कर कहा गया कि आपको अंतिम अवसर दिया जाता है कि सात दिवस में पत्र का उत्तर दिए जाए. उत्तर अप्राप्त की स्थिति में यह माना जाएगा कि आपको इस बारे में कुछ नहीं कहना है और एक पक्षीय कार्रवाई कर दी जाएगी लेकिन इस पत्र का भी संयुक्त संचालक द्वारा शासन को कोई जवाब नहीं दिया गया।

चौथी बार मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया को पत्र जारी करते हुए कहा गया कि उन्हें अपनी बात रखने के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है. सात दिवस में प्रति उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तो यह पक्षीय कार्रवाई कर दी जाएगी। शासन द्वारा चार बार संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन नर्मदा पुरम सुरेश बेलिया को पत्र लिखकर उनसे जवाब मांगा गया लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया. शासन द्वारा हर पत्र में यह लिखा गया कि उनको अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है. और पक्ष न रखने पर उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी. लेकिन ना तो संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया और न ही शासन द्वारा उनके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई की गई. इससे एक बात की शंका उत्पन्न होती है कि मध्य प्रदेश नगरीय प्रशासन विभाग और संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया के बीच ऐसा कोई अदृश्य समझौता हुआ है जिसके तहत न तो सुरेश बेलिया पर शासन कोई कार्रवाई कर पा रहा है और न ही शासन की कार्रवाई का सुरेश बलिया पर कोई खौफ है।

### संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया के खिलाफ क्या था मामला..

नर्मदापुरम जिले के आरटीआई एक्टिविस्ट पत्रकार एमआर रसिक खान द्वारा दिनांक 28/04 /2021 को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत एक आवेदन संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन नर्मदापुरम कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था.इस आवेदन को संयुक्त संचालक द्वारा गलत आधारों पर अमान्य करते हुए प्रकटन योग्य जानकारी प्रदाय नहीं की गई. आवेदक द्वारा इस प्रकरण को राज सूचना आयोग में सेकंड अपील के रूप में प्रस्तुत किया गया।

राज सूचना आयोग द्वारा 15/ 07 /2022 को आदेश जारी करते हुए संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन नर्मदापुरम सुरेश बेलिया के विरुद्ध सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 20-( 2 ) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश नगरी प्रशासन विभाग को दिए थे. और विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से आयोग को 6 माह में अवगत कराने को कहा था। 2 साल में भी विभाग द्वारा सिर्फ पत्राचार किया गया है लेकिन संयुक्त संचालक के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं की गई. इससे लगता है कि विभाग कारवाई करना ही नहीं चाहता है और सिर्फ खाना पूर्ति के लिए पत्र जारी करके अपने कर्तव्य की इति श्री करना चाहता है।

# श्रीमद्भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा



**सिरोंज।** रविवार से ग्राम कर्रा खेड़ी मैं प्रारंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के लिए बड़े ही उत्साह के साथ मंगल कलश यात्रा निकाली गांव की बालिकाएं सर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी गांव के मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई गांव में 7 दिनों तक कथावाचक संत करुणा निधि महाराज के मुखारविंद से कथा में रस बरसेगा। उन्होंने प्रथम दिन कथा करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ऐसी कथा है जिसके सुनने से ही पापियों को पापों से मुक्ति मिल जाती है जीवन में सत्संग और भागवत कथा हर व्यक्ति को आवश्यक रूप से सुनना चाहिए साथ ही उन्होंने विस्तार से बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

# विघ्नहर्ता की भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु 2 दर्जन से अधिक बड़ी प्रतिमाएं स्थापित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में रिद्धि सिद्धि के दाता की विशेष मुहूर्त में विधि विधान से पूजन के बाद स्थापना देर रात तक हुई 10 दिनों तक गणेश जी की वंदना होगी शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर बड़ी प्रतिमाएं विराजमान हुई है जहां पर विभिन्न संस्कृति को धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं।

रविवार को रात्रि में झांकियां में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही पूजा अर्चना आरती के बाद प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है। गणेश जी की भक्ति से ओतप्रोत भजनों से पूरा नगर गुजारा है घर-घर गजानंद जी की स्थापना की गई है। सुबह-शाम विशेष आरती हो रही है। वहीं गणेश की अथाई स्थित प्राचीन सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना एवं महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जा रहा है यहां पर प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन भी हो रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचकर दर्शन भी कर रहे है तथा कार्यक्रमों में भी भाग ले रहे हैं ।प्रतिवर्ष गणेश उत्सव समिति के द्वारा यहां पर कार्यक्रम करवाए जाते हैं साथ ही अनंत चतुर्दशी पर शोभायात्रा भी निकलेगी।



# नाबालिग लड़की का मिला शव, दुष्कर्म कर हत्या की आशंका, फैली सनसनी



**सिरोंज।** आनंदपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक नाबालिग लड़की का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। परिजनों ने दुष्कर्म कर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम करके मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना आनंदपुर के ग्रामीण इलाके की है।

तालाब में नाबालिग का शव मिलने की जानकारी लगते ही इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिरोंज हॉस्पिटल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि लड़की को कोई लड़का परेशान कर रहा था, जिससे वह बहुत परेशान थी। शुक्रवार की शाम को वह शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई। उसकी तलाश की गई, लेकिन वह कही नहीं मिली। आज तालाब में उसका शव मिला है। एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि नाबालिग कल घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई। उन्हीं के खेत पर एक छोटा तालाब बना हुआ है, नाबालिग का शव उसी तालाब में तैरता हुआ मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है उसकी मां से बात करने पर पता चला कि उसने कोई सिम तोड़ी थी और वह समाज के ही किसी लड़के से बात करती थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की सही वजह सामने आएगी।

### बलात्कारियों और हत्यारों को नहीं कानून का डर

देखा जा रहा है कि बलात्कारियों और हत्यारों को उनके अपराधों की सजा मिलने में देरी हो रही इस कारण से अपराधों में बडोतरी हो रही है और इनमे से कानून का डर भी निकलता जा रहा है किसी भी अपराध चाहे वोह बलात्कार हो या हत्या मुजरिम को जल्द से सजा होगी तो इनके अन्दर डर पैदा होगा और अपराध कम होंगे।

### शासन के निर्देशों का धरातल पर नहीं हो रहा पालन


# आंखों से टपकते आंसू भी नजर नहीं आ रहे हैं जिम्मेदारों को, गौशालाओं की हालत दयनीय

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सरकार के द्वारा करोड रुपए की राशि से गौशालाओं का निर्माण तो कर दिया पर इनमें से अधिकांश गौशालाओं का उपयोग मवेशियों को रखने के लिए नहीं हो रहा पर उनके नाम पर हर महीने लाखों रुपए की राशि जरूर निकल जा रही है इतनी गौशाला होने के बाद भी सड़कों पर मवेशियों का अंबार लगा हुआ है कई ग्राम पंचायत में तो सरपंच बदल चुके पर गौशालाओं का संचालन है इनके द्वारा किया जा रहा है।इनको छोड़ने का काम भी नहीं किया जा रहा इस वजह से इन गौशालाओं की ओर भी ज्यादा हालत खराब है की जानकारी होने के बाद भी राजनीतिक पहुंच का फायदा ऐसे लोगों के द्वारा उठाकर गौ माता के नाम पर भी गोलमाल किया जा रहा है। नगर की बात की जाए तो नगर में भी हालत ठीक नहीं है इसके कारण मवेशी दर-दर की ठोकने खाने को मजबूर है भूख प्यास के कारण तड़प रहे हैं किसी को उनकी करुणा और आंखों से टपकती आंसू नजर नहीं आ रहे हैं नेताओं के द्वारा मंचों से बड़े-बड़े भाषण दिए जाते हैं अधिकारी भी कदम उठाने की बात करते हैं जमीन स्तर पर कोई कदम नहीं उठा रहे हैं इस वजह से कुछ सुधार नहीं हो रहा है।आवारा मवेशियों से सड़कों को खाली करने के निर्देश मुख्यमंत्री के द्वारा दिए गए हैं उनके निर्देशों को भी जिम्मेदार गंभीरता से नहीं ले रहे ।

पिछले दिनों विधायक उमाकांत शर्मा शर्मा ने भी जन समस्या निवारण शिविर में गौशालाओं की जांच कर व्यवस्था करवाने की बात कही थी साथ ही सड़कों पर भूखे से तड़प रहे मवेशियों को गौशालाओं में रखवाने की बात कही थी अधिकारियों को निर्देशों भी दिए थे कई दिन भी

### विधायक के निर्देशों को नहीं ले रहे गंभीरतापूर्वक



जाने के बाद भी अधिकारियों ने ना तो गौशालाओं की जांच कराई हो ना ही मवेशियों को सड़कों से हटवाने का काम किया वहीं ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाली गौशालाओं को अतिक्रमण धारी के चंगुल से मुक्त नहीं करवाया जा रहा है मवेशी होने के बाद भी है खाली पड़ी हुई है दबंग लोगों ने अपना सामान रख रखा है । ज्यादातर किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए मवेशियों को नगर में छोड़कर जा रहे हैं। इसके कारण इनकी संख्या इन दिनों बहुत अधिक हो गई है दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। शासन के आदेशों का पालन धरातल पर होते हुए नजर नहीं आ रहा है इस वजह से सड़कों पर जगह-जगह मवेशियों के झुंड खड़े रहते हैं इनमें से कई मवेशी तो भूख प्यास के कारण तड़पते रहते हैं। पिछले दिनों नगर पालिका प्रशासन ने कुछ गायों को ले जाने का कार्य किया था पर उचित स्थान नहीं होने के कारण यह वापस नगर में ही आ गए जब तक अच्छा प्लान नहीं होगा तब तक मवेशी वहां रुक नहीं पाएंगे इसलिए नगर पालिका प्रशासन को उचित कदम उठाना होगा तभी इनसे छुटकारा मिल पाएगा साथ ही भूख प्यास से तड़प रही गौ माता को भी ठिकाना मिलेगा अभी खाना पूर्ति वाली व्यवस्था के कारण यह प्रयोग सफल नहीं हो पाए वहीं जो प्रयोग एसडीएम हर्षल चौधरी के द्वारा बनाया जा रहा है उस पर काम हो गया तो शायद कुछ हद तक इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा पर देखना है कि यह कार्य कितने जल्दी होगा या फिर इसको पूर्ण करने में भी कई दिन बीत जाएंगे पुरानी डिपो पर इनको रखने का कार्य होगा और दिन के समय मजदूर इनको जंगल में चराने के लिए ले जाने का काम होगा तथा रात्रि में यहीं पर है मवेशी रहेंगे इसके लिए गेट लगाने के साथ पानी के इंतजाम करने की बात भी प्रशासन के द्वारा कही जा रही है।

### शहर के साथ गांव वाले भी छोड़ रहे हैं मवेशी

नगर के ज्यादातर पशुपालकों के द्वारा दूध निकाल कर इन मवेशियों को सड़कों पर भटकाने के लिए छोड़ दिया जाता है दूसरी ओर अधिकांश ग्राम में से भी मवेशियों को शहर में छोड़ने का काम किया जा रहा है इस वजह से इनकी संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है इस समय शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गली मोहल्ले में भी इनकी संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि दो पहिया बाहर निकलना भी कभी-कभी मुश्किल हो जाता है ।मुख्य मार्गों पर से वाहन निकलना मुश्किल हो रहा है चार पहिया वाहन चालक तो काफी देर तक इन मवेशियों को हटाने का प्रयास करते हैं तब जाकर इनके वाहन निकल पाते हैं इसकी जानकारी होने के बाद भी स्थानीय अधिकारियों के द्वारा इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहा है। रात के अंधेरे में मवेशी नजर नहीं आने से दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो चुकी है फिर भी मवेशियों को ठिकाना नहीं दिया जा रहा है। उनके नाम पर राजनीति भी होती है पैसे भी निकल जा रहे हैं पर इसका फायदा इन आवर मधेशियों को नहीं मिल पा रहा है नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में गौशाला भी संचारित हो रही है पर वहां भी इनको रखने का कार्य नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों की अधिकांश गौशालाओं का तो केवल दुरुपयोग हो रहा है।

**इनका कहना है -**

*नगर की सड़कों पर बैठे मवेशियों को पुरानी डिपो में शिफ्ट करने की तैयारी कर ली गई है वहीं गौशालाओं की जांच करवा कर उनकी व्यवस्था भी करवाई जाएगी अतिक्रमण है तो उसको मुक्त करवाया जाएगा।*

***हर्षल चौधरी*** एसडीएम

# युवक की मौत के बाद परिवार ने किया चक्काजाम, पुलिस पर लगाए आरोप, जयस्तंभ चौक पर 2 घंटे चक्काजाम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गंजबासौदा के मिर्जापुर वार्ड नंबर 15 में युवक विशाल पुत्र भवानी अहिरवार ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिवार का आरोप है कि विशाल को चोरी के मामले में पुलिस पूछताछ के लिए ले गई थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। विशाल को स्थानीय शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, इसके बाद उसे भोपाल ले गए, लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिवार जनों ने देहात पुलिस के कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए जयस्तम चौक पर चक्का जाम कर दिया और कार्रवाई की मांग पर खड़े हुए हैं।

**इनका कहना है-**

*परिवार का आरोप है कि पुलिस की पूछताछ के दौरान विशाल के साथ दुर्व्यवहार किया गया था, जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली। परिवार की मांग है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए।*

***मनोज मिश्रा*** एसडीओपी



# लाड़ली बहना योजना से बच्चों की पढ़ाई एवं घर खर्च में मिल रही है बहनों को मदद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत हर माह मिल रही 1250-1250 रूपये की राशि से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं परिवार का घर खर्च चलाने में मदद मिल रही है। यह कहना है बासौदा की पूर्वी रेल्वे कॉलोनी की श्रीमती ललिता लोधी का। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी जो इस योजना का संचालन कर रहे है और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का जिस ने योजना चलाई दोनों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त कर रही है।

इसी तरह श्रीमती रीना लोधी और श्रीमती वर्षा लोधी ने भी लाड़ली बहना योजना के तहत् मिली राशि से बच्चों की



स्कूल फीस जमा करवाई है। लाड़ली बहना योजना से एक ही परिवार की ननद श्रीमती वर्षा लोधी, जेठानी श्रीमती रीना लोधा और देवरानी श्रीमती ललिता लोधी को हर महीने लाड़ली बहना की राशि मिल रही है। इनका कहना है कि शासन की यह मदद हम अपने बच्चों की पढाई लिखाई के संसाधनो की पूर्ति पर खर्च कर रहे है। विदिशा जिले की 2.10 लाख लाड़ली बहनों लाभावित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत ने बताया, कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत अब तक जिले की दो लाख दस हजार 823 बहनों के बैंक खातों में हर माह राशि अंतरित की जाती है।

**मेट्रो एंकर**

### महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण अमला सतर्क रहें

# 'महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य सुविधाओं में कोताही ना हो'

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर दोनो विभागो के जिलाधिकारियों सहित विभागीय अन्य अधिकारियों को सचेत करते हुए निर्देशित किया है कि विदिशा जिले में महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यानगत रखते हुए क्रियान्वित की जा रही योजनाओं में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। समीक्षा बैठक में सापेक्षित परिणाम परलिक्षित नहीं होने पर उन्होंने लटेरी, सिरोंज बीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी करने तथा नटेरन के सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में एक भी गर्भवती महिला की किन्ही भी कारणो से डिलेवरी घर अथवा रास्ते में नहीं होना चाहिए। गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी किस माह में होना संभावित है कि सूची संधारित कर उनसे महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण अमला सतत सम्पर्क में रहे और उनके घर वालो को आवश्यक टेलीफोन नम्बर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं ताकि लेबर पेन होने पर अविलम्ब वाहन की सुविधा उपलब्ध हो। कलेक्टर श्री सिंह ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक एक डिलेवरी घर पर होने एवं रास्ते अथवा लेबर पेन के दौरान 13 महिलाओं की मृत्यु हो जाने पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित क्षेत्रों के ग्राम स्तरीय अमले के साथ-साथ वरिष्ठ व बीएमओ पर करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी



सहित विभाग के अन्य अधिकारयों से कहा है कि वे स्वंय स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखें हर रोज की अद्यतन प्रगति का डाटा जिला कार्यालय को हार्ड कॉपी में तथा कलेक्टर को वाटस-अप के माध्यम से संप्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने हरेक ग्रामीण अमले के पास तमाम जानकारी हो को सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय रहवासियों को मिले के संबंध में नवाचार कर हम उनके विश्वासों पर खरे उतरें।

कलेक्टर श्री सिह ने इसी प्रकार के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए है ताकि जिले में कुपोषण सहित अन्य दाग जो जिले में लगे है वे सब मिट सके। उन्होंने पोषण टेऊक्र में सभी गर्भवती महिलाओं के नाम दर्ज करने, आधार से संबंधित यदि कोई कमी हो तो उसमें सुधार कर लिया जाए। इस माह में जिन गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी होना है उन सबका संस्थागत प्रसव हो। हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने आगामी बैठक में विभाग की उपलब्धियां स्पष्ट रूप से परलिक्षित हो के निर्देश दिए है।

कलेक्टेऊट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी, सिविल सर्जन सह अधीक्षक श्री डॉ शिरीष रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत राजपूत के अलावा दोनो विभागो के अन्य अधिकारी मौजूद रहें वहीं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

# सीबीएसई ताईक्वांडो प्रतियोगिता में पांच पदक जीत कर लौटे , खिलाड़ियों का किया सम्मान



**सिरोंज।** रविवार को आदर्श ताई कमांडो प्रतियोगिता में मेडल जीतकर लौटने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गय, कोंच सरदार सिंह कुशवाहा ने बताया सीबीएसई पश्चिम क्षेत्र तायक्वोंडो का आयोजन 3 सितंबर से 6 सितंबर तक गुजरात के गांधीनगर में किया गया जिसका आदर्श तायक्वोंडो क्लब के सीबीएसई स्कूल में पढ़ने वाले 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक प्राप्त किए जिसमें नवदीप जाट वजन वर्ग 23-25 किग्रा हृदयांश वजन वर्ग 32-35 किग्रा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता वही कांस्य पदक प्राप्त करने बालो में विधि कुशवाह, अश्मित नगीना, कुणाल मिश्रा शामिल हैं स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए वेले डोनो खिलाड़ी सीबीएसई द्वारा अयोजित नेशनल ताइक्कांडो चौंपियनशिप के लिए वेस्ट जोन ताइक्कांडो टीम का प्रदर्शन करेंगे ईएस चौंपियनशिप की खास बात ये राही की ईएस चौंपियनशिप में आदर्श ताइक्कांडो क्लब की टीम पहली बार शामिल हुई थी जिसमें 2 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक हासिल किए नगर वासियों के लिए गर्व की बात है पदक जीत का लौटे खिलाड़ियों का सम्मान केंद्र पर किया गया इस दौरन, वकील अशोक निगम, अभिभाषक संघ कपिल त्यागी,दीपक भार्गव अनुराग तारण, राजकुमार शर्मा, पत्रकार मुकेश रघुवंशी, आदि मौजूद।

# पत्नी से विवाद के बाद खुद को कमरे में बंद कर पति ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित अशोक विहार में रविवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद खुद को कमरे में बंद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं किया है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार अशोक विहार कॉलोनी निवासी संजय मिश्रा (40) नारिलखेड़ा स्थित किसान पाइप के ऑफिस में नौकरी करते थे। उनका पुश्तैनी घर और परिवार के अन्य लोग कैंची छोला इलाके में रहते हैं। कुछ दिन पहले ही संजय मिश्रा पत्नी को लेकर अशोक विहार में रहने आए थे। रविवार दोपहर करीब एक बजे संजय मिश्रा का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा होने के बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे और संजय को फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। एएसआई जयवीर सिंह सेंगर का कहना है कि पत्नी अलग रहना चाहती थी, इसलिए संजय पत्नी को लेकर अशोक विहार आकर रहने लगे थे, लेकिन यहां आने के बाद भी पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद हो रहा था।

## घर के सामने खड़ी बुलेट बाइक की बैटरी चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार इलाके में घर के सामने खड़ी बुलेट बाइक की बैटरी चोरी चली गई। चोरी गई बैटरी की कीमत साड़े तीन हजार रुपए बताई गई। पुलिस के मुताबिक सर्वधर्म बी-सेक्टर स्थित मोहिनी परिसर में रहने वाले डॉ. दीपांश दीक्षित ने अपनी बुलेट बाइक पार्किंग में खड़ी की थी। इसी दौरान किसी ने उनकी बाइक की बैटरी चोरी कर ली। इधर अशोका गार्डन स्थित प्रभात कलारी के पास से सौरभ सिंह, शुक्रवारा बाजार गोविंदपुरा से महेश चंद्रवंशी, गुर्जरपुरा कोतवाली से पीयूष अग्रवाल और भारत भवन रोड श्यामला हिल्स से कबीर अहमद की स्कूटर चोरी हो गई. चोरी गई चारों स्कूटरों की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक हुआ था लापता, परिजन को मैसेज कर कहा

# 'दिल्ली में रहकर कर रहा हूं काम...'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम करोंदिया से 26 सितंबर को रहस्यमय तरीके से लापता हुए युवक का सुराग नहीं लग सका है। दरअसल, युवक के घर फायनेंस बाइक की रिकवरी करने रिकवरी एजेंट पहुंचे थे। वे बाइक खींचकर ले जाने की बात कर रहे थे। युवक ने खुद ही बाइक शोरूम में जमा करने का कहा और बाइक लेकर उनके साथ निकल गया। इसके बाद से ही उसका मोबाइल नंबर बंद था। गत दिनों परिजन को युवक के मोबाइल से मैसेज आया कि मैं दिल्ली में हूं और प्राइवेट काम कर रहा हूं। इसके बाद उसका मोबाइल फिर बंद हो गया।

## बाइक की रिकवरी करने पहुंचे एजेंट और उसके साथियों के साथ निकला था युवक, मोबाइल बंद होने से परिजन की बढ़ी चिंता



परिजन को संदेह है कि उसके साथ अनहोनी हुई और किसी ने उसके मोबाइल से ही मैसेज किया है। अब पुलिस मृतक के मोबाइल की टावर लोकेशन निकलवा रही है। लोकेशन के आधार पर युवक की तलाश की जाएगी। पुलिस के अनुसार 58 साल के जसराम सिलावट गांव करोंदिया, गुनगा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने प्लेटिना बाइक फायनेंस कराई है। किश्त जमा नहीं होने के कारण गत 26 अगस्त को उनके घर रिकवरी एजेंट पहुंचे और बाइक ले जाने का कहने लगे। इस दौरान उनके छोटे बेटे आनंद सिलावट ने कहा कि वह बाइक लेकर खुद शोरूम चलेगा। वहां से बाइक ले लेना। इसके बाद वह बाइक लेकर दोपहर करीब साड़े 12 बजे करोंद स्थित शोरूम चला गया। जसराम ने बेटे को कॉल किया तो पता चला कि उसका नंबर बंद है। एक दिन इंतजार करने के बाद 28 अगस्त वे शोरूम पहुंचे और बाइक समेत बेटे के बारे में पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि उनका बेटा बाइक लेकर शोरूम पहुंचा ही नहीं। हताश होकर परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

## फिर बदला मौसम: तेज बरसात का दौर



भोपाल,दोपहर मेट्रो। राजधानी में एक बार फिर मौसम बदला है। तेज बारिश का नजारा विधानसभा से लिया गया है। हमीदिया अस्पताल की तरफ हो रही तेज बारिश आती हुई दिख रही है और आसमान में काले घने बादल भी नजर आ रहे हैं। - फोटो निर्मल व्यास

# दुकान में चोरी करने वाले नौकर गिरफ्तार, पुलिस ने किया 60 हजार का माल बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



हनुमानगंज पुलिस ने कास्टमेटिक की होलसेल दुकान में चोरी करने वाले दो नौकरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का कुल 60 हजार रुपए कीमत का माल बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार शिवनगर कालोनी छोला रोड निवासी राजेश नागर शांति नगर हनुमानगंज में विराट सेल्स के नाम से कास्मेटिक सामान की एजेंसी चलाते हैं। शुक्रवार दोपहर को वह सामान का मिलान कर रहे थे, तभी पता चला कि स्क्रोच ब्राईट की तीन पेटी, वाईल्ड स्टोन डिओ की दो पेटी, वाईल्ड स्टोन टेलकम पाउडर की तीन पेटी, डॉक्टर फिनायल की तीन पेटी, कावेरी मेंहदी की दो पेटी और कुछ खुला हुआ सामान गायब है। पुलिस ने राजेश की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके साथ ही परियादी ने दुकान में काम करने वाले नौकरों पर चोरी का संदेह जाहिर किया था।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि समानांतर रोड पर दो युवक कुछ सामान बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम पदम सिंह गौड़ उर्फ बबलू (34) निवासी ग्राम चोपडा कलां थाना सूखी सेवनिया और राहुल चौहान (24) निवासी ग्राम धमर्रा तहसील बैरसिया थाना गुनगा बताया। उनके पास मिले टेलकम पावडर और डियो की पेटी के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि जिस दुकान पर काम करते हैं, वहीं से चोरी किया है। उसके बाद पुलिस ने बाकी का सामान दोनों की निशानदेही पर रेलवे कालोनी एक खंडहर मकान से जब्त किया। जब्त हुए सामान की कुल कीमत साठ हजार रुपए बताई गई है।

## रास्ता भटकी 4 साल की बच्ची को परिजन तक पहुंचाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया इलाके में डायल 100 ने रास्ता भटकी चार साल की बच्ची को सकुशल परिजन के सुपुर्द कर दिया। बच्ची घर के सामने खेलते समय भटक गई थी। जानकारी के अनुसार बैरसिया थाने के हेड कांस्टेबल मानवेंद्र सिंह शनिवार को एफआरवी वाहन से कस्बा भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान बैरसिया बस स्टैंड पर उन्हें चार साल की एक बच्ची अकेली घूमती हुई दिखी। उन्होंने बच्ची से पूछताछ की तो वह कुछ भी नहीं बता पा रही थी। उसके बाद वह बच्ची को लेकर थाने आए। थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते के निर्देश पर बच्ची को लेकर बस स्टैंड और आसपास के इलाके में लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान पता चला कि बच्ची अपनी दादी सुशीलाबाई के साथ तीज का त्यौहार मनाने के लिए अपनी बुआ के घर महुआखेड़ा आई थी। वह घर के पास खेलते समय रास्ता भटक कर दूर निकल गई। इधर परिजन भी बच्ची की तलाश कर रहे थे। पहचान सुनिश्चित होने के बाद पुलिस ने बच्ची को सकुशल उसकी दादी के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही छोटे बच्चों की उचित देखरेख के लिए समझाइश भी दी गई।

## ई-2 अरेरा कॉलोनी में रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी थी कार

# महिला एडवोकेट की कार से ढाई तोले का मंगलसूत्र चोरी

### चोर कार के डेशबोर्ड पर रखा लेडिज पर्स चुराकर ले गया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-2 अरेरा कॉलोनी में रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी महिला एडवोकेट की कार से अज्ञात बदमाश मंगलसूत्र चुराकर ले गया। घटना शनिवार रात साड़े 9 बजे से साड़े 11 बजे के बीच की है। पुलिस ने महिला एडवोकेट की शिकायत पर अज्ञात आरोपी पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार राधिका सिंह पति क्षितिज सिंह (28) अशोका गार्डन में रहती हैं। वह पेशे से वकील हैं। शनिवार रात करीब साड़े 9 बजे वह ई-टू अरेरा कॉलोनी के रेस्टोरेंट आई थी। उन्होंने कार सड़क किनारे खड़ी की और रेस्टोरेंट में चली गई। वहां से दो घंटे बाद कार के पास पहुंची तो कार का गेट खुला हुआ था। कोई अज्ञात चोर उनकी कार के डेशबोर्ड पर रखा लेडिज पर्स चुराकर ले गया। पर्स में ढाई तोले सोने का मंगलसूत्र रखा हुआ था। एडवोकेट राधिका सिंह ने बताया कि उन्होंने कार लॉक की थी, लेकिन कार के गेट का कांच चड़ाना भूल गई थी। पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस रेस्टोरेंट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

# 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को 'प्रतिभा सम्मान'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



रविंद्र भवन के सभागार में भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति के संयुक्ततत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता ( अतिरिक्त कलेक्टर) श्री शंकर घनश्यामदास अदानी ( चार्टेड अकाउंटेंट) श्रीमती निकिता ममतानी ( वक्ता, इंदौर) श्री अजय गोयनका ( डायरेक्टर चिरायु मेडिकल फ़ाउंडेशन) डॉ. विजय डी. बजाज ( फाउंडर प्रेसिडेंट चाइल्ड ब्रेन जिम, पुणे) डॉ सुदेश कुमार सोहानी ( कुलपति चिरायु विश्वविद्यालय, भोपाल) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होने थे । इस समारोह में 10वीं व 12वीं, कॉलेज की डिग्री एवं प्रदेश स्तर पर अनेक गतिविधियों में उपलब्धियां और मैडल पाने वाले लगभग 500 प्रतिभावान बच्चों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सबनानी ने बच्चों को कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए नई प्रतिभाओं को दिशा निर्देश देने के साथ साथ संसाधनों की पूर्ति में सहयोग देना आवश्यक है। इस अवसर पर सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी और महासचिव नारेश तालरेजा ने कहा कि समारोह का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है, आपको मिलने वाले इस सम्मान से आप प्रोत्साहित होते हैं, साथ ही समाज के लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ग़ौरतलब है कि यह प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह प्रादेशिक स्तर पर आयोजित किया गया जिसमें इंदौर, जबलपुर, कटनी, रतलाम, इटारसी, होशंगाबाद, विदिशा सहित अन्य जिलो से लोग इस समारोह में शामिल होने के लिए राजधानी पहुँचे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर कार्यक्रम संयोजक हरीश चांदवानी, सह संयोजक करण भागचंदानी, कपिल भाटिया, राम आसुदानी, माया पंजवानी, रेखा कमल, हरीश मेघानी, महेश मेघवानी,मनोहर उतवानी सुनील मंगवानी, राजू वाधवानी, अजय नानवानी,रिया तोलानी, मनोज नाथानी, ठाकुर पंजवानी, नानक दासवानी,अशोक रोहरा ,महेश तोलानी,नानक दादलानी, हरिश विधानी ,कविता इसरानी,भावना जगवानी,सिया आसुदनी,पूजा भाटिया, चंदा तरानी आदि उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर**

## सड़क पार करते समय हुआ हादसा, बेटा भी घायल

# महिला पुलिस इंस्पेक्टर को बाइक ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**





टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित रोशनपुरा चौराहे के पास सड़क क्रास कर रही एक महिला अफसर और उनके बेटे को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मां-बेटे को गंभीर चोट आई है। दोनों लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अक्षय यादव (30) शारदा नगर औबेदुल्लागंज जिला रायसेन में रहते हैं और मंडीदीप स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। उनकी मां उर्मिला यादव (56) पुलिस इंस्पेक्टर हैं और फिलहाल विदिशा जिले में महिला थाना प्रभारी हैं। शुक्रवार रात करीब आठ बजे उर्मिला अपने बेटे अक्षय के साथ रोशनपुरा चौराहा स्थित अलंकार ज्वैलर्स के सामने से न्यू मार्केट की तरफ जाने के लिए सड़क क्रास कर रही थी। इसी बीच रोशनपुरा से माता मंदिर की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने मां-बेटे को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मचारियों और आसपास के लोगों ने उन्हें उठाया और इलाज के लिए आटो से जयप्रकाश अस्पताल भेजा। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हमीदिया अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। हमीदिया जाने के बजाए दोनों लोगों को हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अक्षय की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसे में घायल महिला की हुई मौत



एमपी नगर में एक्सीडेंट में घायल एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक रमाबाई अहिरवार (50) टीकमगढ़ की रहने वाली थी। वह एम्स अस्पताल में भर्ती अपने एक रिश्तेदार को देखने आई थी. शनिवार तड़के बोर्ड आफिस चौराहे पर एक तेज रफ्तार कार ने आटो को टक्कर मार दी थी, जिससे रमाबाई गंभीर रूप से घायल हुई थी। उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई थी। इस हादसे में आटो में सवार चार-पांच अन्य लोगों को भी चोट आई थी। पुलिस टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश कर रही है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022